दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 15 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 243 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सुरंग में फंसे मजदूरों का दर्द, बोले-
खाना कम हो पर ऑक्सीजन की कमी मत करना

उत्तरकाशी/ए.। यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सुरंग में 12 घंटे की शिफ्ट खत्म कर मजदूर रविवार सुबह करीब आठ बजे दीपावली की छुट्टी मनाने के लिए जाने ही वाले थे, लेकिन ढाई घंटे पहले ही 5:30 बजे सुरंग के सिलक्यारा वाले मुहाने से करीब 250 मीटर आगे 35 मीटर हिस्से में भूस्खलन हो गया। सुरंग में उस वक्त 45 मजदूर थे। मलबा धीरे-धीरे गिरता देख पांच मजदूर तो बाहर भाग गए लेकिन 40 सुरंग में ही फंस गए। बीते रविवार रात जब सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों से पहली बार वॉकी-टॉकी के जरिए संपर्क हुआ तो उन्होंने खाना मांगा था। यह इच्छा उन्होंने एक कागज पर

लिखकर पाइपलाइन के जरिए भेजी थी।

इसके साथ ही मजदूरों ने यह भी कहा था कि खाने की भले कमी हो जाए लेकिन ऑक्सीजन की कमी मत करना। इसके साथ ही उन्होंने तंबाकू भेजने की मांग भी की। वहीं एनएचआईडीसीएल के ईई कर्नल संदीप सुदेहरा ने बताया कि सुरंग में पर्याप्त पानी है। आपातकालीन स्थितियों को देखते हुए वहां पर्याप्त पानी रखा जाता है। इसलिए पानी की आपूर्ति की कोई चिंता नहीं है।

पांच-छह दिन की है ऑक्सीजन

निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने सुरंग के अंदर भूस्खलन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सुरंग के अंदर सभी मजदूर सुरक्षित हैं जिन्हें पाइपलाइन के जरिए खाना, पानी और ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। बताया कि देहरादून से बोरिंग के लिए ऑगर मशीन मंगवाई गई है जिससे बोरिंग कर ढाई फीट व्यास का पाइप डाला जाएगा जिससे सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस काम में एक से दो दिन का समय लग सकता है। पांच-छह दिन की ऑक्सीजन है।

मशीनों से मलबा हटाने का काम जारी

बीते रविवार को निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के बाद से 40 मजदूर सुरंग के अंदर हैं। घटना के दूसरे आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जहां पर भूस्खलन हुआ है वहां पर सॉफ्ट रॉक है जिसके चलते भूस्खलन हुआ है। सभी मजदूरों के लिए पाइपलाइन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अक्तूबर में थोक महंगाई घटी
लगातार सात महीने से आंकड़ा शून्य से नीचे; सामान सस्ता

■ पिछले महीने यानी कि सितंबर में यह आंकड़ा 3.35 प्रतिशत था

नई दिल्ली/ए.। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार सातवें महीने नकारात्मक बनी हुई है। अक्तूबर में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रहे। खाद्य पदार्थों में नरमी से यह स्थिति बनी हुई है। बता दें कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से ही नकारात्मक स्तर पर है। सितंबर, 2023 में तो यह (-) 0.26 के स्तर तक पहुंच गई

थी। बीते साल अक्तूबर माह में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 8.67 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि अक्तूबर 2023 में महंगाई दर नकारात्मक होने की प्रमुख वजह रसायनों, रसायन आधारित उत्पादों, बिजली, कपड़े, आधार धातु, कागज और कागज उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से है। खाद्य पदार्थों में अक्तूबर में महंगाई 2.53 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

इस विश्वकप की सबसे कमजोर टीमो में से एक नीदरलैंड से भारत का आखरी मैच हुआ। भारतीय टीम के बल्लेबाजों ने दो शतक और तीन अर्धशतक जड़ते हुए 410 रन कुट डाले । इसके बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने गेंदबाजी में भी हाथ आजमाएं और दोनों के हिस्से में एक-एक विकेट आए। विस्फोटक बल्लेबाज शुभमन गिल और सुर्य कुमार यादव ने भी बढ़िया गेंदबाजी की अब ऐसी टीम जिसमें नौ गेंदबाज मौजूद हो उसे विश्वकप उडाने से भला कौन रोक सकता है? जो अब उससे महज दो कदम दूर रह गया है।

राहुल के 'मेड इन चाइना' वाले दावे पर मोदी का प्रहार
किस दुनिया में रहते हो मूर्खों के सरदार

बैतूल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव प्रचार 15 नवंबर की शाम को थम जाएगा। भाजपा और कांग्रेस ने आखिरी दौर के चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बीजेपी की ओर से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश के चुनावी मैदान में मोर्चा संभाला, तो कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभाएं रखी गईं। पीएम मोदी ने बैतूल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल पर भी तंज कसे। प्रधानमंत्री ने राहुल के 'मेड इन चाइना फोन' वाले बयान पर कहा, 'कल कांग्रेस के एक महाज्ञानी कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के

सरदार, किस दुनिया में रहते हो! कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है। जबकि सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस सरकार थी, तो भारत में हर साल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस नेताओं के दावों की पोल खुलती जा रही

'जैसे-जैसे 17 नवंबर की तारीख नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे कांग्रेस के नेताओं के दावों की पोल खुलती जा रही है। आज हमें पूरे एमपी से रिपोर्ट मिल रही है कि कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भाग्य भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस ने मान लिया है कि मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के झूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते हैं। ये चुनाव है मध्य प्रदेश के विकास को डबल इंजन की रफ्तार देने का। नौजवानों, महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर देने का। कांग्रेस के लूट और भ्रष्टाचार के पंजे को फिर कभी भी मध्य प्रदेश की तिजोरी पर हाथ न लगा देने का। आपको याद रखना है कांग्रेस का पंजा छीनना जानता है, लूटना जानता है। जहां-जहां कांग्रेस आई, वहां-वहां तबाही लाई।'

प्रधानमंत्री के बयान पर सीएम बघेल का पलटवार
मैं सुन रहा हूं लेकिन छग की जनता को अपशब्द न कहना

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानि की 13 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर थे इस दौरान उन्होंने सीएम भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम के बयानों पर पलटवार करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा प्रधानमंत्री जी! आप छत्तीसगढ़ में आकर मुझे गाली दे रहे हैं। मैं सुन रहा हूं। आपके मंत्री और नेता आकर मुझे बदनाम कर रहे हैं। मैं सुन रहा हूं। पहले रमन सिंह जी ने मुझे छोटा आदमी कहा था, मैंने सुन लिया था। लेकिन मेरे छत्तीसगढ़ की जनता को अपशब्द न कहना, छत्तीसगढ़ियों पर अगर बात आएगी, तो न मैं चुप बैठूंगा न छत्तीसगढ़ की जनता चुप बैठेगी। भरपूर जवाब मिलेगा।

पुरे देश में करवाएं जाति जनगणना

सीएम भूपेश ने कहा वो इस प्रकार से आवरण में छुपा नहीं सकते। आप एक जिम्मेदार पद पर बैठे हैं। आपको आरोपों का जवाब देना होगा। आप क्यों जाति जनगणना नहीं करवाते? क्या डर है? आपको किसी से डर है क्या जो आप जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं? वो अगर प्रधानमंत्री के पद पर बैठे हुए हैं। आलोचना होती है तो प्रधानमंत्री की होती है ना कि किसी व्यक्ति की होती है। आप उसे व्यक्तिगत रूप से क्यों ले रहे हैं?

पीएम मोदी ने कहा था 508 करोड़ सर्च करो और सीधा भूपेश बघेल का नाम सामने आता है। पीएम के इस बयान पर सीएम भूपेश ने कहा कि जैसे सबसे बड़ा झूठा सच करो तो पीएम मोदी का नाम सामने आता है। यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मैं भी ओबीसी वर्ग से आता हूं- सीएम

मैं पीएम मोदी से कहना चाहूंगा कि वह मुझे गाली दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ में आकर मुझे गाली दे रहे हैं ना मुझ पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। मैं भी ओबीसी समुदाय से आता हूं। क्या केवल वही ओबीसी हैं? वो तो मुख्यमंत्री बनने के बाद संशोधन करके ओबीसी में आए हैं पहले तो ओबीसी में भी नहीं थे। ये तो वही बात हो गई पर उपदेश कुशल बहुत तेरे।

रोड-शो डालेगा रायपुर की चारों विधानसभा सीटों पर प्रभाव

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी वाड्रा ने रायपुर मे रोड-शो आज शाम को 6.05 बजे है। वे राजीव गाँधी चौक पहुंची और पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

रायपुर मे राजीव गाँधी चौक मे स्व. राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद वे कोतवाली चौक से सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा, शीतलामता चौक, अरडी तिवारी स्कूल अमापारा चौक अग्रसेन चौक, से तेल घानी चौक पहुंचेंगी।

पीसीसी के मुताबिक प्रियंका का यह जनसंपर्क रायपुर की चारों विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए खास रहेगा। जनता से सीधे संपर्क का माध्यम ही नहीं कम समय में रायपुर की चार विधानसभा प्रभावित करने की कांग्रेस की कोशिश है।

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। रायपुर की प्रमुख 4 विधानसभा सीटों में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। रायपुर में प्रियंका गांधी का बड़ा रोड शो है।

दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर को वोटिंग होनी है। प्रियंका एक हफ्ते में दूसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रायपुर मरीन ड्राइव से देवेंद्र नगर तक रोड शो करने वाले थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह टल गया।

मुठभेड़ के दौरान घायल किसान की मौत

कांकेर/बांदे/नवप्रदेश। कांकेर में स्थित उलिया के जंगल में बीएसएफ जवान और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के दौरान खेत में काम करते वक्त किसान को पेट में गोली लग गई थी। इसके बाद वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। उस किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घायल किसान को इलाज के लिए रायपुर लाया गया था। 7 नवंबर यानी पहले चरण के मतदान वाले दिन बांदे थाना क्षेत्र के उलिया के जंगल में बीएसएफ जवान और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इसी बीच किसान को गोली लग गई थी।

दो बच्चे मालगाड़ी की चपेट में, गंभीर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के भांसी के पास में मालगाड़ी की चपेट में आने से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल बच्चों का इलाज अपोलो अस्पताल में जारी है। फिलहाल दोनों बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चे भांसी मासापारा के बताए जा रहे हैं।

सरकारी कर्मियों को नहीं मिल पाया डीए

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी सेवकों को उम्मीद थी कि इस बार दीपावली के मौके पर उन्हें डीए की राशि मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस मामले को लेकर कर्मियों की उम्मीद इस वजह से बंधी थी कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में एक बयान जारी कर कहा था हम छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार के समान डीए देना चाहते हैं। इसके लिए अधिकारियों को निर्वाचन आयोग से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के लिए निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में डीए दिए जाने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया। यह प्रस्ताव राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को दिया गया। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जाना था, लेकिन वहां से प्रस्ताव आयोग को नहीं भेजा गया। राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मियों को 4 प्रतिशत डीए देने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

70 विस सीटों में एक तृतीय लिंग सहित 958 अभ्यर्थी मैदान में
70 विधानसभा क्षेत्रों में 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निवार्चन-2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए बुधवार 15 नवंबर को शाम पांच बजे तक प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा। लेकिन प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन इस दौरान द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और

एक तृतीय लिंग हैं। द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यहां होगी वोटिंग

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर नगर उत्तर, रायपुर नगर दक्षिण, आरंग, अभनपुर, राजिम, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, कुरूद, धमतरी, संजारी-बालोद, डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही, पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर, अहिवारा, साजा, बेमेतरा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

महिला कार्यकर्ताओं से धक्का-मुक्की, एमएलए पर मामला दर्ज

जशपुर/नवप्रदेश। कुनकुरी विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वे महिला भाजपा कार्यकर्ता के साथ धक्का-मुक्की कर रहे थे और उसका फोन भी छीन लिया था। इसी मामले को लेकर अब विधायक और संसदीय सचिव यूडी मिंज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विधायक समेत आधा दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। महिला कार्यकर्ता से यूडी मिंज ने दुर्व्यवहार किया था।

गरमा-गरम

विलियमसन ने कहा-भारत शानदार, हम भी कम नहीं
भारत-न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल का मुकाबला आज

मुंबई/ए.। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने मंगलवार को कहा कि वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के लिए हमें अंडरडॉग करार दिए जाने से कुछ बदलेगा नहीं। भारत के लिए यह वर्ल्ड कप शानदार रहा है, लेकिन मुझे लगता है कि हमने भी अच्छा क्रिकेट खेला है। सेमीफाइनल में खेलने वाली सभी टीमें बराबर हैं।

जब हमारा दिन होता है तब हम जीतते हैं- विलियमसन

विलियमसन ने आगे कहा कि भारतीय टीम अगर इस समय बेस्ट नहीं है तो

दुनिया की बेस्ट टीमों में से एक जरूर है। लेकिन जब हमारा दिन होता है, तब हम भी अपना बेस्ट क्रिकेट खेलते हैं और सामने वाली टीम को चुनौती देते हैं। हम अपने अच्छे दिन पर कुछ भी कर सकते है। किसी को भी हरा सकते हैं।

पंड्या के बिना भी भारतीय टीम बैलेंस्ड है

विलियमसन ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा- भारत ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के बाहर हो जाने के बावजूद प्लेइंग इलेवन में शानदार बैलेंस बनाया है। हार्दिक की गैरमौजूदगी में भी टीम बेहतर करती चली गई और अजेय रही। कीवी टीम पर सवाल किए जाने पर विलियमसन ने कहा कि, जब आप बड़े टूर्नामेंट में भी जाते हैं तो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल बना कब्रिस्तान, दफनाने पड़े 179 शव

गाजा (ए.)। गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल, अल शिफा कब्रिस्तान में तब्दील हो चुका है। अब यहां पर हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि शवों को अस्पताल परिसर में ही दफनाना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक कुल 179 शवों को दफनाया गया है, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक अगर इन्हें जल्द नहीं दफनाया गया तो यह सड़ने शुरू हो जाएंगे और यहां पर साफ-सफाई की समस्या होने लगेगी। ऐसा दावा किया जा रहा है कि इस अस्पताल को इजरायली टैंकों ने घेर रखा है। इजरायल का कहना है कि इस अस्पताल में हमास के आतंकवादियों ने शरण ले रखी है और सुरंगों के नेटवर्क से इससे जुड़े हुए हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता के अशरफ अल किद्रा और डॉक्टर अहमद अल मोखालती ने बताया कि इन शवों को अल शिफा मेडिकल परिसर के अंदर ही सामूहिक कब्र में दफनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हालात बहुत ज्यादा मुश्किल हो चुके हैं क्योंकि हमें आईसीआरसीसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ न्यूज गैलरी

मोदी चुनाव में करते हैं लोगों को भड़काने वाली बात : गहलोत

कोटा(वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा पर चुनाव में लोगों को जाति एवं धर्म के नाम पर भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ये लोग चुनाव में मुद्दे की बात नहीं कर केवल लोगों को भड़काने एवं ध्यान भटकाने की बात करते हैं। श्री गहलोत मंगलवार को कांग्रेस की गारंटी यात्रा के अगले चरण की शुरुआत के मौके पर यहां पहुंचने पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। विधानसभा चुनाव में श्री मोदी के दौरे को लेकर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि वह मुद्दे पर बात नहीं करते और लोगों को भड़काने वाली बात करते हैं जबकि कांग्रेस राज्य में विकास और सुशासन को लेकर चुनाव लड़ रही है। चुनाव में कांग्रेस का मुद्दा ही विकास का मुद्दा हैं जबकि ये लोग धर्म एवं जाति के नाम मुद्दे थोप रहे हैं और लोगों को भड़का रहे है जो अच्छी परम्परा नहीं है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि इन लोगों को विकास के मुद्दे पर बहस करनी चाहिए लेकिन ये धर्म एवं जाति के नाम पर लोगों को उलझाने का काम कर रहे हैं जो देश हित में नहीं हैं।

कांग्रेस का आतंकवाद के प्रति हमेशा रुख रहा हैं नर्म : ठाकुर

नई दिल्ली(वार्ता)। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा वरिष्ठ

भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने इजराइल पर आतंकी हमले पर सरकार के रूख पर सवाल उठाने के लिए कांगेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसकी आतंकवाद के प्रति हमेशा नर्म नीति रही है। श्री ठाकुर ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के इस बारे में दिए बयान के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी करते हुए कहा कि कुछ लोगो की नीति वोट बैंक के लिए आतंकवाद के समर्थन की रही है,लेकिन मोदी सरकार का रूख आतंकवाद के प्रति कड़ा है और वह इसे लेकर कोई नरम रवैया नही अपनानने वाली है। एक दौर था कि भारत दुनिया से आतंकवाद का समर्थन करने वालों पर लगाम के लिए दुनिया से गिड़गिड़ाता था जबकि आज इस पर वह किसी भी देश के आगे झुकने वाला नही है। उन्होने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावों में ताबड़तोड़ दौरे के पीछे भाजपा की कमजोर स्थिति होना मानने से साफइंकार करते हुए कहा कि भाजपा एवं प्रधानमंत्री के लिए हर चुनाव बहुत ही अहम होता है,वह हर चुनाव में धुंआधार प्रचार करते है और कोई चुनाव हल्के में नही लेते है।श्री ठाकुर ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के अनुकूल पूरी परिस्थितियां है और वह सत्ता में लौट रही है। कांग्रेस सरकार ने 2018 में छत्तीसगढ़ में जनता से जो चुनावी वादे किए थे,उसको पूरा नही किया। महिलाओं को वर्ष में चार मुफ्त सिलेन्डर देने,शराबबंदी जैसे वादे तो पूरे नही किए उल्टे जमकर भ्रष्टाचार किया। इस बार भी कांग्रेस ने राज्य के लोगो को ढ़ेर सारी गारंटियां का ऐलान किया है,लेकिन लोग उनकी झूठी गारंटियों के झांसे में अब नही आने वाले है।

इमारत में आग लगने से एक की मौत, 26 रेस्क्यू

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी के शकरपुर इलाके में में मंगलवार को एक इमारत में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और अन्य 10 लोग घायल हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि शकरपुर में एक इमारत में लगी आग में 26 लोगों को बचा लिया गया, जबकि अन्य पांच लोगों ने बालकनी से कूद कर जान बचायी। शकरपुर के ग्राउंड प्लस तीन मंजिला इमारत में कम से कम 31 फंस गए थे। जिसमें से 26 को दिल्ली दमकल विभाग के कर्मियों ने बचाया और अन्य 5 ने बालकनी से छलांग लगा दी।

40 जिंदगियों को बचाने की जंग 50 घंटे से जारी

देहरादून। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 40 जिंदगियों को बचाने की जंग 50 घंटे से जारी है, लेकिन अब तक कामयाबी नहीं मिली है। रविवार सुबह से ही मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बेहद मुश्किल हालात में चलाए जा रहे ऑपरेशन में अब भी काफी वक्त लग सकता है। यमुनोत्री हाईवे पर धरासू-बड़कोट के बीच सिलक्यारा में चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत निर्माणाधीन सुरंग का एक हिस्सा टूट जाने के कारण अंदर काम कर रहे सभी मजदूर फंस गए। पाइप ही लाइफलाइन

राहत की बात यह है कि मलबे के पीछे घुप अंधेरे में फंसे मजदूर अब तक सुरक्षित हैं। सुरंग में पानी की निकासी के लिए लगी पाइपलाइन अभी लाइफलाइन का काम कर रही है। इस पाइप के जरिए मजदूरों तक पानी और खाना पहुंचाया जा रहा है। ऑक्सिजन भेजा जा रहा है। इसी के जरिए लगातार बातचीत करके उन्हें हिम्मत दी जा रही है।

क्यों लग रहा इतना वक्त

शनिवार रात सुरंग के अंदर कंपनी के मजदूर कार्य कर रहे थे, लेकिन रविवार को सुबह करीब चार बजे शिफ्ट चेंजिंग के दौरान सुरंग के मुहाने से करीब डेढ़ सौ मीटर अंदर सुरंग का करीब 60 मीटर हिस्सा टूट गया और सुरंग के अंदर कार्य कर रहे 40 मजदूर फंस गए। वहां तक ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए डाली गई लाइन भी मलबे से ध्वस्त हो गई। हादसे के बाद से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। मलबे को हटाने का काम शुरू किया गया। टनल में 15 से 20 मीटर तक के हिस्से में मलबा साफ किया गया। लेकिन बार-बार ऊपर से मलबा गिरने की वजह से इसमें सफलता नहीं मिल पाई।

अब 'ट्रंच लैस' तकनीक का इस्तेमाल

मलबा हटाने में सफलता नहीं मिली तो स्टील के मोटे 800 एमएम मोटे पाइप के सहारे मजदूरों को निकालने की कोशिश की जा रही है। 'ट्रंच लैस' तकनीक का सहारा लिया जाएगा। ट्रंच लैस सीवर तकनीक में सड़कों के नीचे बिना सड़क को खोदे ही सीवर लाइन बिछा दी जाती है। एक के बाद एक पाइप को मलबे में धंसाकर सुरंग के मुहाने से मजदूरों के नजदीक तक टनल तैयार किया जा रहा है। इसके बाद पाइप के अंदर रेंगते हुए मजदूर बाहर आ सकते हैं। इसमें चिंता यह जताई जा रही है कि यदि इस मलबे में कहीं पत्थर आएगा, तो पाइप को पुश करने में काफी दिक्कत आएगी। ऐसी स्थिति में पाइप को मैनुवल ही पुश करना पड़ेगा।

मोदी ने धामी से ली फोन पर घटना की जानकारी

उत्तरकाशी सुरंग हादसे पर पीएमओ भी लगातार नजर बनाए हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो बार सीएम धामी से सुरंग में फंसे लोगों और राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। धामी ने बताया कि पीएम ने इस दुर्घटना से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। साथ ही हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं।

नीतीश के खिलाफ छठ के बाद दिल्ली में धरना प्रदर्शन करेंगें जीतनराम मांझी

पटना(ए.)। बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के बाद वे देश की राजधानी दिल्ली जाएंगे और महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे नीतीश के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेंगे। बता दें कि जीतनराम मांझी मंगलवार को पटना हाईकोर्ट स्थित अंबेडकर स्मारक पर मौन धरना देने पहुंचे थे। मगर प्रशासन ने उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद उनका धरना स्थगित हो गया। जीतनराम मांझी ने मंगलवार को पटना हाईकोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत में नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साथा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर हमारे भगवान हैं। हम उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करके मौन धारण करना चाहते थे। मगर इसकी इजाजत नहीं दी गई। विधानसभा में बोलने नहीं दिया जाता, लेकिन यहां पर भी उन्हें माल्यार्पण से रोका जा रहा है। मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में महिलाओं के बारे में अपशब्द और शर्मनाक बातें कहीं। मुझ जैसे दलित नेता, जो नीतीश से उम्र में बड़ा है, राजनीतिक जीवन भी लंबा है, उसका अपमान किया। विधानसभा में चुने हुए सभी छोटे-बड़े सदस्य माननीय होते हैं, उनका आदर करना चाहिए। मगर नीतीश कुमार ने उनसे तू-तड़ाक और कहा कि कोई अक्ल नहीं है। HAM सुप्रीमो ने कहा कि नीतीस ने सिर्फ जीतनराम मांझी का नहीं, बल्कि बिहार और देश के सभी दलितों का अपमान किया। एक राज्य का सीएम जो 13 करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके मुंह से जो बातें आई, वह विचारणीय है। आरक्षण बिल पर हमने समर्थन दिया। फिर उसमें विरोध की कौनसी बात है। उन्होंने प्रमोशन में दलितों के लिए 16 फीसदी आरक्षण की मांग की थी। इसकी समीक्षा का मुद्दा उठाया था। इस पर नीतीश भड़क गए थे। नीतीश पर हमला बोलते हुए मांझी ने कहा कि वे खुद से कहां सीएम बने हुए हैं।

बाल दिवस पर 5 साल की बच्ची से रेप-हत्या के दोषी को मौत की सजा

तिरुवनन्तपुरम(ए.)। बाल दिवस पर केरल की एक अदालत ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए पांच साल की बच्ची से रेप और हत्या के दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। दोषी को बीते 4 नवंबर के दिन मामले में दोषी ठहराया गया था। इस जघन्य कांड ने पूरे देश को हिला दिया था। दोषी का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसने पांच साल पहले दिल्ली में पॉक्सो ऐक्ट के तहत दो महीने जेल की हवा खाई थी। तब वह जमानत पर बाहर आ गया था। केरल के एर्नाकुलम में पॉक्सो अदालत ने बिहार की बच्ची से रेप और हत्या के दोषी अशफाक आलम को सभी 16 अपराधों के दोषी पाया है। 16 में से पांच अपराधों में मौत की सजा का प्रावधान है। अभियोजन पक्ष ने अदालत से दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की थी।

क्या थी घटना

घटना 28 जुलाई 2023 को घटी थी। प्रवासी मजदूर अशफाक आलम पर आरोप है कि उसने बिहार की रहने वाली पांच साल की बच्ची को उसके किराए के मकान से जूस पिलाने के बहाने अपहरण किया। इसके बाद रेप के बाद निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। बच्ची का शव अलुवा बाजार के कूड़े के ढेर में एक प्लास्टिक की थैली से बरामद हुआ था। इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे देश को हिला दिया था। दरिंदे ने बड़ी क्रूरता से बच्ची से न सिर्फ रेप किया मारपीट करके उसकी हत्या कर दी थी।आरोपी ने लड़की को उसके किराए के घर से उस वक्त किडनैप किया, जब उसकी मां घर के काम में व्यस्त थी। लड़की के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तेजी दिखाई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 28 जुलाई की शाम को नशे की हालत में अशफाक को गिरफ्तार किया। मामले में आरोप पत्र 30 दिनों के भीतर दायर किए गए। एर्नाकुलम में अतिरिक्त जिला अदालत में सुनवाई 4 अक्टूबर को शुरू हुई थी। सुनवाई रिकॉर्ड 26 दिनों में पूरी हुई और आरोपी को बलात्कार, हत्या सहित उसके खिलाफ लगाए गए सभी अपराधों का दोषी पाया गया। उस पर अपहरण करने और सबूतों को नष्ट करने का भी दोषी पाया गया।

सजा पर बहस के दौरान दोषी बिहार मूल के अशफाक आलम ने अदालत में दावा किया था कि अन्य आरोपियों को छोड़ दिया गया था और केवल उसे ही मामले में पकड़ा गया। इसके अलावा, उसने कोई अन्य दलील नहीं दी थी। अदालत ने आरोप पत्र में आलम को सभी 16 अपराधों का दोषी पाया था। आलम को सजा सुनाए जाने के समय पीड़िता के परिजन अदालत में मौजूद थे।

भारत ने ब्रिटेन से मांगी इन संदिग्धों की डिटेल

नई दिल्ली(ए.)। भारत ने ब्रिटेन से उन संदिग्धों के खिलाफ सबूत मांगे हैं जो 19 मार्च को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शन के दौरान लंदन में भारतीय उच्चायोग में हुई हिंसा में शामिल थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के तहत ये अनुरोध किया है। इसके अलावा एनआईए ने एक अलग प्रस्ताव तैयार किया है, जिसमें 2 जुलाई को सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास को निशाना बनाने वालों का अमेरिका से विवरण मांगा गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि यूके का दौरा करने और कई सबूत इकट्ठा करने के बाद एनआईए को 19 मार्च की हिंसा के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले। एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, ÷मामले से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए M L AT के तहत 24 प्रश्नों का एक सेट भेजा गया है जिसमें विरोध प्रदर्शन, विरोध के आयोजकों, उनकी साख, उनकी अनुमति के बारे में पूछा गया है। अप्रैल में गृह मंत्रालय ने एनआईए को लंदन विरोध प्रदर्शन के संबंध में एक नया मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसमें प्रारंभिक जांच में पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े आतंकी लिंक की ओर इशारा किया गया था। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस (यूएपीए के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी) को जांच एनआईए को सौंपने का भी निर्देश दिया था। मई में एनआईए की एक टीम ने यूके का दौरा किया और सीसीटीवी फुटेज सहित महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा किए।

भारत लौटने के कुछ दिनों बाद टीम ने हिंसा के पांच वीडियो जारी किए और आम जनता से उन संदिग्धों की पहचान करने में मदद करने के लिए कहा जिन्होंने उच्चायोग में तोड़फोड़ करने की कोशिश की थी। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी को जवाब में 1,050 से अधिक कॉल प्राप्त हुई थी।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ने भी संदिग्धों की पहचान करने में एनआईए जांच टीम की मदद की। एक अधिकारी ने कहा, एनआईए ने 15 हमलावरों की पहचान की है और उनमें से कुछ के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। उच्चायोग में सहायक कार्मिक और कल्याण अधिकारी शिकायतकर्ता किरण कुमार वसंत भोसले ने एफआईआर में तीन व्यक्तियों (अवतार सिंह उर्फ ??खांडा, गुरचरण सिंह और जसवीर सिंह) के नाम दर्ज करवाए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि अवतार सिंह उर्फ ??खांडा की जून में बर्मिंघम में मृत्यु हो गई। एनआईए ने वारिस पंजाब डे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके 9 सहयोगियों से ब्रिटेन की घटना के संबंध में असम की डिब्रूगढ़ जेल में पूछताछ की जब यह पाया गया कि वो खांडा के संपर्क में था। इस बीच सैन फ्रंसिस्को में विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में एनआईए की एक टीम ने अगस्त में अमेरिका का दौरा किया था। एक अधिकारी ने कहा, ÷हमने सीसीटीवी फुटेज की मदद से कुछ हमलावरों की पहचान की है और उनमें से कुछ के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर खोला है।

इन पांच राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

■ इस सप्ताह देश के बड़े हिस्से में बरसेंगे बादल; मौसम विभाग की चेतावनी

नई दिल्ली(ए.)। मौसम विभाग ने इसी सप्ताह दक्षिण भारत के पांच राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी का कहना है कि मंगलवार तक बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा। यह पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ेगा। 16 नवंबर तक कम दबाव के क्षेत्र की वजह से तटीय इलाकों में बारिश शुरू हो जाएगी। वहीं दक्षिण भारत में 15 नवंबर से ही भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

अगले पांच दिनों के लिए चेतावनी

अगले पांच दिनों तक

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। कई जगहों पर गरज-चमक के साथ बौछार पड़ सकती है। इसके अलावा मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक तमिलनाडु, पुदुच्चेरी, कारायकल, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भारी बारिश हो सकती है। तमिलनाडु सरकार ने मायिलादुथुराई डिले में 14 नवंबर को स्कूल और कॉलेज बंद करने का आदेश दे दिया है। भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए यह ऐलान किया है।

इन जगहों पर ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने 13 और 14 नवंबर के लिए तमिलनाडु, पुदुच्चेरी के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां भारी बारिश होने का अनुमान है। तमिलनाडु और पुदुच्चेरी के कुड्डालोर, विलुपुरम, चेंगलपट्टू और काचीपुरम में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा तिरुपत्तुर, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुवल्लुर, चेन्नई, कालाकुरिचि, तिरुवरुर, अरियालुर, नागापट्टनम और तंजावुर जिले में भी मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने 15 नवंबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी बारिश की भविष्यवाणी की है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों में 16 नवंबर को भी भारी बारिश हो सकती है। वहीं उत्तरपूर्व के असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 17 नवंबर को भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है।

इजरायली सैनिकों का हमास की संसद पर कब्जा

तेल अवीव। गाजा पट्टी पर हमास के ठिकानों को तबाह करने में जुटी इजराइल की सेना इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमास के संसद तक पहुंच गई है. इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की ओर से संसद पर कब्जे की फोटो जारी की गई है. इस फोटो से संकेत मिल रहा है कि हमास का कंट्रोल गाजा में कमजोर पड़ रहा है। बता दें कि सात अक?टूबर को हमास ने अचानक इजरायल पर हमला बोला था. इसमें 1400 लोगों की मौत हो गई थी. हमले के बाद इजरायल ने बदला लेने की कसम खाई थी। येरूशलेम पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ के गोलानी ब्रिगेड के सैनिकों ने सोमवार को एक तस्वीर पोस्ट की है. इस फोटो में गाजा में हमास संसद भवन के अंदर इजरायल का झंडा दिखाया गया है। फोटो में सैनिकों की टीम को आतंकवादी संगठन के संसद

भवन में इजरायली झंडे लहराते हुए देखा जा सकता है. रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने हालातों का जायजा लिया. इसमें उन्?होंने गाजा में लड़ाई में आईडीएफ सैनिकों की प्रगति पर जोर दिया।

हमास ने खोया गाजा पर नियंत्रण

गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ बल एक योजना के अनुसार काम कर रहे हैं और सटीक खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए सटीकता, घातकता और हवा, समुद्र और जमीनी सेनाओं के बीच तालमेल के साथ मिशन को अंजाम दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि हमास के पास ऐसी कोई ताकत नहीं है जो आईडीएफ को रोक सके. हमास ने गाजा पर नियंत्रण खो दिया है, आतंकवादी दक्षिण से भाग रहे हैं, नागरिक हमास के ठिकानों को लूट रहे हैं, और उन्हें सरकार पर कोई भरोसा नहीं है।

भर्ती परीक्षाओं में हिजाब बैन, मंगलसूत्र को अनुमति

देहरादमन। कर्नाटक एग्जामिनेशन अथॉरिटी ने बड़ा कदम उठाते हुए भर्ती परीक्षाओं में सभी प्रकार के हेड कवर को बैन कर दिया है। कर्नाटक में लंबे समय से चल रहे हिजाब विवाद के बीच यह सरकार का बड़ा फैसला है। अथॉरिटी ने परीक्षा के दौरान नकल को रोकने के लिए ब्लूटूथ इयरफोन, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि इस आदेश में मंगलसूत्र और बिछुओं पर बैन को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। जानकारी के मुताबिक परीक्षा हॉल में मंगलसूत्र और बिछुए पहनकर जाने की इजाजत होगी।

अथॉरिटी की तरफ से जारी आदेश में कहीं हिजाब का नाम अलग से नहीं लिखा गया है। हालांकि हेड कवर बैन में हिजाब खुद ब खुद शामिल हो जाता है। बता दें कि 18 और 19 नवंबर को राज्य में कई भर्ती परीक्षाएं

आयोजित होनी हैं। ऐसे में सरकार का यह फैसला बड़ा मायने रखता है। केईए के आदेश में कहा गया है, सिर पर कोई कपड़ा, टोपी या फिर हेड कवर, या फिर फेस कवर को परीक्षा हॉल में अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि केईए ने अक्टूबर में हुई परीक्षाओं में हिजाब को अनुमति दे दी थी। वहीं कई जगहों से मंगलसूत्र को लेकर विवाद सामने आया था।

बीते दिनों कर्नाटक पब्लिक सर्विस कमिशन के दौरान सामने आया था कि कुछ लड़कियों को एग्जामिनेशन हॉल में जाने देने से पहले मंगलसूत्र हटाने को कहा गया था। अधिकारियों ने जांच के दौरान गले कि चेन, बिछुए और झुमके भी निकालने को कहा था। वहीं कुछ स्टूडेंट्स को मंगलसूत्र उतारने के बाद ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। इसके बाद भाजपा ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाए थे। कहा गया था कि परीक्षा में नकल रोकने के लिए ये कदम उठाए गए थे। वहीं छात्रों का कहना था कि बर्के में आए स्टूडेंट्स को भी एग्जामिनेशन हॉल में छूट दी जा रही थी।

कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद जनवरी 2022 में शुरू हुआ था जब उडुपी के गवर्नमेंट पीयू कॉलेज में 5 लड़कियों को हिजाब पहनकर प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। इके बाद लड़कियों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उडुपी के कई कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रदर्शन में शामिल हो गए। इसके बाद यह प्रदर्शन राज्यव्यापी हो गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शपथ लेने के बाद कहा था कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी के नाम से शिक्षा में मिलावट नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा था कि शिक्षा में सौहार्द बिगाड़ने वालों को दंडित किया जाएगा।

जहरीली हवा से राहत नहीं! कई इलाकों में 400 के पार पहुंचा AQI

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली वालों का एयर पॉल्यूशन से बुरा हाल है। दिवाली के दो दिन बाद मंगलवार को दिल्ली में कई इलाकों में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई है। दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद दिल्लीवासियों ने जमकर आतिशबाजी की और उसका असर वायु गुणवत्ता सूचकांक पर साफ़ दिख रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पूरे शहर में जहरीली धुंध छाई हुई है और अधिकांश क्षेत्रों में 'गंभीर' श्रेणी का AQI दर्ज किया गया है। SAFAR के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में थी। शून्य और 50 के बीच AQI को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब', 401 और 450 के बीच 'गंभीर' और 450 से ऊपर अत्यंत गंभीर माना जाता है। दिवाली से ठीक पहले हुई बारिश के बाद दिल्ली में हवा कुछ सही हुई थी। लेकिन दिवाली के बाद ये फिर से ख़राब हो गई है। दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी वायु प्रदूषण के स्तर में भारी वृद्धि देखी गई और AQI में वृद्धि देखी गई। नोएडा में AQI 174 अंक बढ़ा जबकि गाजियाबाद में दिवाली के अगले दिन AQI स्तर में 143 अंक की बढ़ोतरी देखी गई। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिवाली पर लखनऊ के छह निगरानी स्टेशनों ने वायु प्रदूषण का स्तर अधिक पाया। दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अधिकारियों ने प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के लिए एक विशेष ओपीडी स्थापित करने का निर्णय लिया है। आरएमएल अस्पताल के निदेशक डॉ. अजय शुक्ला ने कहा, हमने तय किया है कि प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के लिए एक विशेष ओपीडी चलाई जाएगी जहां मरीजों को व्यापक देखभाल की जा सकेगी और इसमें एक बहु-विभागीय क्लिनिक भी शामिल होगा।

न्यूज गैलरी

युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी स्थित जय भोले कॉम्पलेक्स के पास चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आयूष पात्रे 15 वर्ष गांधी नगर पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी योगेश वर्मा, यश बैरागी, पिंटू व ओम गोश्वामी ने लोचन कुमार कुम्हार 20 वर्ष पर हत्या के नियत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। जिससे लोचन को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बुजुर्ग को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कुम्हारीजारा में शनि मंदिर के पास पांच लोगों ने एक राय होकर बुजुर्ग से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्राथी सदाराम साहू 67 वर्ष ग्राम कुम्हारीजारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मानसिंग साहू व अन्य 4 लोगों ने एक राय होकर प्रार्थी के घर आया और मेरे घर का नक्सा बिगाड़ दिए हो कहते हुए प्रार्थी व उसके परिवार वालों से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 294, 506, 323, 452 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लोधीपारा से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। चंद्रशेखर नगर लोधीपारा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्तम कुमार हरपाल 48 वर्ष कालीनगर पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केयू 9296 को चंद्रशेखर नगर लोधीपारा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। तरूण बाजार संतोषी नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोनु जोशी 25 वर्ष संजय नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी टोबो हरपाल ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पैसे के लेन देने को लेकर युवक पर हमला

रायपुर/नवप्रदेश। सीतला चौक के पास मंदिरहसौद में उधार पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर हसिया से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छगन कुर्रे 30 वर्ष सीतला चौक के पास मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी लेखराम सोनवानी ने उधार पैसे के लेन देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर हसीया से मारकर चोट पहुंचाया।

महासमुंद में पीएम की विजय संकल्प महारैली

डॉ. रमन ने किया भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश को जिताने का आग्रह

महासमुंद/भिलाई। सोमवार 13 नवंबर को महासमुंद के ग्राम बेमचा में आयोजित विजयसंकल्प महारैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने सभा संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार को घेरा और केंद्र सरकार की योजनाओं को छत्तीसगढ़ में जनता तक नहीं पहुंचने देने का आरोप लगाते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तब से गरीबों को आवास भी कांग्रेस ने नहीं मिलने दिया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर लोगों को आवास उपलब्ध कराएंगे। उन्हें घर पर ही नल से जल भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए बहुत सहायक सिद्ध होगी और जिस प्रकार मातृ वंदन योजना का पैसा सीधे खाते में आता है वैसे ही महतारी वंदन योजना का पैसा भी सीधे खाते में आएगा। इसके अलावा पीएम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 17 तारीख को कांग्रेस के 30 प्रतिशत वाले कक्का का सरकार से जाना पक्का कर है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से कांग्रेस के दिग्गज नेता भी नाराज है। इस बार कांग्रेस के मुख्यमंत्री का विधायक बनना भी मुश्किल है, प्रदेश से कांग्रेस की सरकार जाने वाली है और बहुत जल्द छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है। कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पीएम मोदी के साथ पूरे देश के ओबीसी वर्ग को गाली दी है, हमेशा ओबीसी का अपमान किया है और छत्तीसगढ़ में भी साहू समाज के साथ पिछले 5 साल में जो हुआ है वो किसी से छिपा नहीं है।

पीएम मोदी ने सीजीपीएससी घोटाले को लेकर भी कांग्रेस को घेरा और प्रदेश के युवाओं से भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

गौरतलब है कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सीजीपीएससी घोटाले के दोषियों पर कड़ी कार्यवाई करने की घोषणा की है।

इसके बाद पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने भिलाई विधानसभा के छावनी में भा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पांडेय को भारी मतों से जिताने और प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार की पिछले 15 साल की उपलब्धियों और भाजपा के संकल्प पत्र की घोषणाओं तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों व केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

इसके साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।

पूर्व सीएम ने कांग्रेस सरकार को घेरते हुए छत्तीसगढ़ में हुए 5000 करोड़ का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में घोटाला, 5000 करोड़ की महादेव सट्टा एप से अवैध उगाही, 2,000 करोड़ से अधिक का शराब घोटाला, 1300 करोड़ का गौठान घोटाला, 700 करोड़ का धान मिलिंग में घोटाला, 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला, 540 करोड़ का कोयला घोटाला, 229 करोड़ का गोबर घोटाला और सीजीपीएससी में नौकरियों की नीलामी कर की गई उगाही के बारे में लोगों को बताया।

उन्होंने कांग्रेस पर वादाखिलाफी कर जनता को छलने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर बरसे।

अवैध शराब बेचते 13 कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले 13 कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 264 पाव देशी शराब व नकदी 2130 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने अवैध शराब बेचते आरोपी राज सिक्का 35 वर्ष के पास से 19 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए।

राज्यपाल हरिचंदन ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं लोकनायक बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को राष्ट्रीय 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है।

राज्यपाल हरिचंदन को ब्रह्माकुमारी की बहनों ने लगाया भाई दूज का तिलक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में ब्रह्माकुमारी बहनों ने भेंटकर भाई-दूज का टीका लगाया एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

बाइक की टक्कर से महिला व चालक घायल

कोरबा। कटघोरा- बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम माखनपुर के पास एक बार फिर दुर्घटना हो गई। घटना में बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। वहीं गिरने से बाइक सवार भी घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पाली पुलिस ने बताया कि ग्राम माखनपुर में रहने वाली रतिबाई 45 वर्ष अपने ससुर को देखने के लिए कटघोरा जा रही थी। वह बस का इंतजार करते हुए सड़क के किनारे खड़ी हुई थी। इस बीच ग्राम कसियरापारा निवासी कीर्ति कुमार तेज गति से बाइक चलाते हुए आया और उसने रति बाई को टक्कर मार दी। घटना में महिला घायल हो गई। आनन फानन में रति बाई और कीर्ति कुमार को अस्पताल पहुंचाया गया।

कला परिषद का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रोहा सोसाइटी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।छत्तीस छटा कला परिषद के इस आयोजन में एकत्रित जनों ने दीपोत्सव की बधाई मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। साथ ही हिंदू सनातन धर्म की परंपराओं -रीति रिवाजों को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ लोक -हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित'ने एकल अभिनय की प्रस्तुति दी।'रोती गाय सबको हंसाए' शीर्षक से प्रस्तुत एकल नाट्य में श्री विजय मिश्रा ने गायों की वर्तमान दशा -दिशा का बेहद प्रभावी मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने गाय- भैंसों को अधिक दूध देने के लिए दुग्ध व्यवसायियों द्वारा लगाए जाने वाले इंजेक्शन डाइक्लोफेनिक को मनुष्य सहित अन्य जीव जन्तुओं के लिए अत्यधिक घातक बताया।बीस मिनट के एकल नाटक में उन्होंने गाय से बढ़ती दूरी और कुत्ते पालने में बढ़ रही जनअभिरुचि को सामाजिक पतन का सूचक कहा।

संपादकीय

आईसीसी विश्वकप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत में हो रहे आईसीसी विश्वकप में भारत ने निदरलैंड को 160 रनों से हराकर अपनी लगातार नवी जीत दर्ज की विश्वकप के इतिहास में भारतीय क्रिकेट टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। टीम इंडिया ने अपने सभी नौ मैच जीते है और अब वह शान के साथ सेमीफाइनल में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। एक बार न्यूजीलैंड ने ही भारत को सेमीफाइनल में पराजित किया था आज उसे पराजीत कर भारतीय क्रिकेट टीम पुराना हिसाब बराबर कर लेगी और फिर फाइनल में पहुचने वाली टीम को हराकर वह विश्वकप पर कब्जा जमाने में सफल होगी। निदरलैंड के खिलाफ भारतीय क्रिकेटरो ने नया इतिहास रच दिया। विश्वकप के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि किसी टीम के टॉप फाइव बल्लेबाजों ने 50 से अधिक रन बनाएं हो रोहित शर्मा ने 54 बॉलो में 61 रन बनाए वही शुभमन गील ने 32 बॉलो पर 51 रन कूटे वही विराट कोहली ने 51 रनों का योगदान दिया। श्रेयस अययर ने 94 गेंदो पर ताबड़तोड 128 रन बनाए विकेटकिपर बललेबाज केयल राहुल ने तो मात्र 64 गेंदो पर 102 रन बना डाले केयल राहुल ने इसी वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक बनााने का रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड डाला। भारतीय बल्लेबाजों ने 410 रन बनाएं और फीर निदरलैंड को 160 रनो से पराजित कर दिया। भारतीय बललेबाजों ने गेंदबाजी कर इसमें भी अपने जौहर दिखाए विराट कोहली और रोहित शर्मा ने एक एक विकेट हासिल किया विस्फोटक बल्लेबाज शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव नें भी बेहतरीन गेंदबाजी की। सेमीफाइनल और फाइनल मैच में यदि हमारा कोई गेंदबाज चोटिल हो जाता है तो उसकी जगह लेने के लिए हमारे बल्लेबाल भी तैयार है। निश्चित रूप से भारतीय क्रिकेट सबसे बेहतर टीम है। इसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनो ही अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। ऐसी स्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम का विजयरथ जो अब तक सरपट दौडा है वह सेमीफाइनल और फाइनल में भी किसे के रोके नही रूकेगा। मौजूदा विश्वकप भारत के लिए मैच दर मैच हौसला बढ़ाने वाला सिद्ध है। इस विश्वकप में खेलने वाली सभी टीमों को भारतीय क्रिकेट टीम ने एकतरफा हराया है। हालांकि न्यूजीलैंड के साथ होने वाले सेमीफाइनल और फाइनल मैच में मुकाबला कांटे का हो सकता है। सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने वाली टीमें भी अपनी पूरी ताकत झोंक देंगी लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अब तक जितना बेहतर प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए यह नही लगता की सेमीफाइनल और फाइनल मैच जीतना भारतीय क्रिकेट टीम के लिए कोई मुश्किल काम सिद्ध होगा। दुनिया के तमाम क्रिकेट विषेसज्ञो ने भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही यह भविष्यवाणी कर दी है कि टीम इंडिया ही इस विश्वकप की सबसे प्रबल दावेदार है। वास्तव में भारतीय क्रिकेट टीम इस समय दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम है और हमारा कप्तान रोहित शर्मा सबसे बेहतरीन कप्तान है भारतीय बललेबाज और पांचो गेदबाज फूलफाग में है ऐसे में उनके आगे किसी भी टीम का जीत पाना नामुमकिन की हद तक मुश्किल है। चुंकि विश्वकप भारत में हो रहा है उसलिए भारतीय क्रिक्रेट टीम कों करोड़ो भारतीय दर्शको का भी उत्साह जनक समर्थन मिल रहा है। आज सारा देश यह दुआ कर रहा है किइस बार वर्ल्ड कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम विश्वकप जीतने की हैट्रिक लगाए। लोगो को पूरा विश्वास है कि भारतीय क्रिकेट टीम भारतवासियों की अकांक्षाओ के रूप विश्वकप जीतने के लिए अपनी पूरी जान लगा देगी और भारतीयों को विश्वकप के रूप में दीपावली का तोहफा देगी।आज न्यूजीलैंड के साथ होने वाले सेमीफाइनल पर न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया की निगांहे टीकी रहेंगीं। आज का सेमीफाइनल मैच जीतने में भारतीय क्रिकेट टीम निश्चित रूप से सफल होगी और पूरी आनबान और सान के साथ फाइनल में पहुंचकर फाइनल भी जीतेगी।

देश की लोकतांत्रिक आस्था और उसका परिमार्जित मूल्यांकन

संजीव ठाकुर

आजादी के 75 वे वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमें स्वतंत्रता अनथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएद्य संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायाद्य हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगाद्य केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैद्य गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती हैद्य हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगाद्य यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता हैद्य भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा हैद्य जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय हैद्य इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया हैद्य जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैंद्य 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैंद्य हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है द्य भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी।

नितेश छाबड़ा

अब 2019 की हार का बदला लेने का वक्त

रुप राउंड में 9 में से 9 मैच जीतकर टीम इंडीया पूरे फॉर्म में है। बल्लेबाज़ी यूनिट ओपनिंग से लेकर मिडिल आर्डर तक बहुत बढ़िया क्लिक कर रही है। विराट और रोहित टूर्नामेंट में 500 से ऊपर का स्कोर कर चुके हैं। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने भी लगातार रन बनाए हूं। 2019 के विश्व कप में टीम का मिडिल आर्डर बहुत ही कमज़ोर था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध सेमीफाइनल में यह कमजोरी खुलकर सामने आई थी। इस बार मध्यमक्रम के बल्लेबाजों ने फंसे हुए मैच में रन बनाकर टीम को मुश्किल से पार लगाया है।गेंदबाजी में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद मोहम्मद शमी की वापसी ने टीम में नया जोश भर दिया है और तेज़ गेंदबाजी की रफ़्तार को जबरदस्त धार दी है। विशेषज्ञ इसे टीम की आज तक की सबसे खतरनाक तेज़ गेंदबाजी यूनिट करार दे रहे हैं। श्रीलंका को 55 रन एवं अफ्रीका को 83 रनों में समेटना पूरी तरह इस बात की तस्दीक करता है। मध्य के ओवरों में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की जोड़ी से इस गेंदबाजी यूनिट की धार और भी बढ़ जाती है।

आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। यही वह पल है जिसका इंतज़ार हमारे सभी क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। अब यह सही वक़्त है, भारतीय टीम को जो जख्म 2019 में न्यूजीलैंड ने दिए थे, उसका हिसाब चुकता करने का। हमें याद है कि उस हार के बाद रोहित शर्मा और महेन्द्र सिंह धोनी की आंखों में आंसू छलक आए थे। कप्तान विराट कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव निराशा के सागर में डूबे हुए थे। भारतीय टीम 2019 विश्व कप की फेवरेट टीम थी, जो बड़ी ही मेहनत और बेहतरीन योजनाबद्ध क्रिकेट खेलकर सेमीफाइनल में पहुँची थी। जबकि न्यूजीलैंड की टीम बड़ी ही मुश्किल से सेमीफाइनल में आई थी। जो दर्द क्रिकेट प्रेमी पिछले चार वर्षो से महसूस कर रहे हैं, अब प्रारब्ध ने इस पीड़ा से उबरने के एक मौका टीम इंडिया को दिया है।

अबकी बार टीम इंडिया इस मैच के लिए कमर कस चुकी है कि जो गलतियाँ टीम ने 2019 में मैनचेस्टर में की थी, उन्हें सुधारने और उससे आगे बढ़ने का यह स्वर्णिम अवसर है। यह भी विचित्र संयोग है कि विश्व क्रिकेट में अपेक्षाकृत कमजोर टीम मानी जाने वाली न्यूजीलैंड लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में टीम इंडिया को चोट देती आई है। 2003 विश्व कप के बाद इस विश्व कप की लीग स्टेज में पहली बार टीम इंडिया ने 20 वर्षो बाद न्यूजीलैंड की टीम को किसी आईसीसी टूर्नामेंट में मात दी है।

पुणे में भारत-बांग्लादेश के बीच खेले गए के मैच के बाद पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में नवप्रदेश के विशेष खेल रिपोर्टर नितेश छाबड़ा ने शुभमन गिल से सवाल किया था कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड को आईसीसी टूर्नामेंट में 2003 के बाद से नही हरा पाई है। उसके बाद शुभमन गिल ने यही सवाल ड्रेसिंग रूम में कप्तान रोहित शर्मा से किया था, जिसके जवाब में रोहित ने अच्छा खेल दिखाने का वादा किया था। उसके बाद भारत ने न्यूज़ीलैंड को लीग मैच में हराया था। यह सवाल क्रिकेट जगत में बहुत वायरल हुआ था।

प्राइम फॉर्म में टीम इंडिया

ग्रुप राउंड में 9 में से 9 मैच जीतकर टीम इंडीया पूरे फॉर्म में है। बल्लेबाज़ी यूनिट ओपनिंग से लेकर मिडिल आर्डर तक बहुत बढ़िया क्लिक कर रही है। विराट और रोहित टूर्नामेंट में 500 से ऊपर का स्कोर कर चुके हैं। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने भी लगातार रन बनाए हूं। 2019 के विश्व कप में टीम का मिडिल आर्डर बहुत ही कमज़ोर था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध सेमीफाइनल में यह कमजोरी खुलकर सामने आई थी। इस बार मध्यमक्रम के बल्लेबाजों ने फंसे हुए मैच में रन बनाकर टीम को मुश्किल से पार लगाया है।गेंदबाजी में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद मोहम्मद शमी की वापसी ने टीम में नया जोश भर दिया है और तेज़ गेंदबाजी की रफ़्तार को जबरदस्त धार दी है। विशेषज्ञ इसे टीम की आज तक की सबसे खतरनाक तेज़ गेंदबाजी यूनिट करार दे रहे हैं। श्रीलंका को 55 रन एवं अफ्रीका को 83 रनों में समेटना पूरी तरह इस बात की तस्दीक करता है। मध्य के ओवरों में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की जोड़ी से इस गेंदबाजी यूनिट की धार और भी बढ़ जाती है। इन दोनों की जोड़ी बिना किसी शक के टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ स्पिन जोड़ी है।

नॉक आउट के दबाव से उबरना होगा

अब टीम को नॉक आउट मैच में दबाव से मुक्त खेल दिखाने की जरूरत है। साथ ही यह भी साबित करना है कि यह टीम पिछली टीमों की तुलना में मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत है और किसी भी दबाव वाली परिस्थितियों से पार पाने की क्षमता रखती है। फिलहाल भारतीय टीम बैटिंग बॉलिंग फील्डिंग तीनों इलाकों में न्यूजीलैंड से भारी नज़र आ रही है। निश्चय ही यह टीम न्यूजीलैंड की चुनौती से निबटने में पूरी तरह सक्षम दिख रही है। मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय टीम का मुकाबला ठंडे दिमाग से मैदान में टीम का नेतृत्व करनेवाले कप्तान केन विलियम्सन से है। विलियम्सन न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी को स्थायित्व भी देते हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा किसी भी तरह विलियम्सन से कम नहीं हैं। वे मैदान में एक बेहतरीन लीडर नज़र आते हैं और ड्रेसिंग रूम का माहौल बिल्कुल शांत और दोस्ताना रखते हैं। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि इन दोनों कप्तानों में श्रेष्ठ कप्तानी कौन करता है। न्यूजीलैंड के पास भी बेहतरीन बैटिंग लाइनअप है। डेविड कॉन्वे और रचिन रविन्द्र बहुत ही बढ़िया ओपनिंग जोड़ी है। मध्यक्रम में विलियम्सन, डेरेन मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, टॉम लैथम अच्छा खेल रहे हैं। तेज गेंदबाजी हमेशा न्यूजीलैंड की ताकत रही है। इस बार ट्रेंट बोल्ट, लोकी फर्गुसन और टीम साउदी की तेज गेंदबाजी और मिशेल सेंटनर की स्पिन गेंदबाजी की चुनौती से भारत को पार पाना होगा।

निश्चय ही न्यूजीलैंड की टीम बढ़िया है और मुंबई में मुकाबला तगड़ा होगा। वानखेड़े की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है और मैदान भी अपेक्षाकृत छोटा है, इसलिए यहाँ रन खूब बनेंगे। अनुमान है कि जो टीम टॉस जीतेगी वह पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। अपने घर में अपने दर्शकों के बीच खेलने का एडवांटेज भारतीय टीम के पक्ष में है। हम पूरी उम्मीद रख सकते हैं कि भारतीय टीम यह मुकाबला जीतकर अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर का फाइनल खेलती दिखाई पड़ेगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1315 स्विस कॉन्फेडेरसी से 1,500-मजबूत बल स्विट्जरलैंड में लेल shgerisee के तट पर पवित्र रोमन साम्राज्य के ऑस्ट्रियाई सैनिकों की घात लगाकर हमला किया। 1 उपग्रहों की चाल के बारे में केपलर क़ानून तथा मंगलग्रह द्वारा अपनी कक्षा में अंडाकर चक्कर की खोज उन्ही के अध्ययन का परिणाम है। 1808 महमूद द्वितीय (1808-1839) मुस्तफा चतुर्थ (1807-1808) को तुर्क साम्राज्य के सुल्तान के रूप में चुना गया। 1859 ग्रीस में पहला ज़प्पा ओलंपिक शुरू किया गया। 1859 व्यवसायी इवेंजेलोस ज़प्पा द्वारा प्रायोजित, ओलंपिक खेलों का पहला आधुनिक खेल एथेंस, ग्रीस में हुआ। 1864 अमेरिकन सिविल वॉर-यूनियन आर्मी जनरल विलियम टी। शर्मन ने 'मार्च टू द सी' की शुरुआत की, जिसमें अटलांटा से सवाना, जॉर्जिया तक के रास्ते में संपत्ति और इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी नुकसान पहुंचा। 1884 अफ़्रीक़ा महाद्वीप में योरोपीय देशों के लिए उपनिवशों को बॉटने के लिए जर्मनी की राजधानी बर्लिन में कॉन्फ़्रेन्स आरंभ हुई।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) महासागरों की सतह के जल का औसत तापमान लगभग कितना होता है?

2) हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2023 में कौन शीर्ष पर रहे हैं?

3) प्राचीन हिन्दू विधि का लेखक किसको कहा जाता है?

4) बाल विज्ञान महोत्सव का उद्घाटन किसने किया?

5) विश्व क्रिकेट इतिहास में टाइम आउट होने वाले पहले क्रिकेटर कौन बन गए हैं?

उत्तरमाला- (1) 27 डिग्री (2) शिव नादर (3) मनु (4) डॉ. जितेन्द्र सिंह (5)

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:50, सूर्यास्त : 05:33, चन्द्रोदय : 07:30, चन्द्रास्त : 17:54, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : बव (14:36 तक),द्वितीय करण : बालव (26:15 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:40 से 12:22, अमृत काल : 17:00 से 18:36, विजय मुहूर्त : 13:48 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त : 17:21 से 17:48, सायाह्न सन्ध्या : 17:21 से 18:41, निशिता मुहूर्त : 23:35 से 24:28, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:21 से 10:41, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पूर्व (27:24 से),अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : श्मशान में (14:36 से गौरी के साथ)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें) आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम ज्येष्ठा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (नो, या, यी, यू) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज किसी ना किसी कारण से मानसिक संताप होगा।

वृषः आज का दिन प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा लेकिन इसके लिये समय का सदुपयोग करना पड़ेगा।

मिथुनः आज का दिन भागदौड़ वाला रहेगा दैनिक कार्यो की भागमभाग में शरीर की अवहेलना बाद में भारी पड़ेगी।

कर्कः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा व्यवहार में नरमी रहने से आज किसी से भी आसानी से कार्य निकाल लेंगे।

सिंहः आज आपके अंदर तेज की कमी रहेगी मन मे कुछ ना कुछ भय बना रहेगा आस पास का वातावरण भी विपरीत रहेगा छोटी मोटी बातो अथवा हास्य परिहास में भी कलह होने की संभावना है।

कन्याः आज के दिन आर्थिक उन्नति के योग बन रहे है लेकिन साथ ही सामाजिक क्षेत्र पर बदनामी अथवा किसी मामूली बात का बतंगड़ बनने से सम्मान हानि की भी सम्भवना है।

तुलाः आज आपका मन संतोषी रहने पर भी अन्य लोगो से स्वयं की तुलना करने पर बेचैन रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन शुभ फलदायक रहने पर भी आप इसका पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे।

धनः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायी रहेगा कोई भी बड़ा कार्य यथा सम्भव आज टालना ही बेहतर रहेगा।

मकरः आज का दिन सार्वजनिक क्षेत्र से सम्मान दिलाएगा दिन के आरंभ में किसीकी बेतुकी बात को लेकर क्रोध में रहेगें थोड़ा बहुत गुस्सा दिन भर बना ही रहेगा।

कुंभः आज का दिन सफलता वाला है लेकिन अपनी वाणी एवं व्यवहार को संतुलित रखना जरूरी है कम लाभ से संतोष करने से ही दिन का फायदा उठाया जा सकता है।

मीनः आज दिन के आरंभ में आप जिस कार्य को लेकर उत्साहित रहेंगे वह टलते टलते मध्यान बाद ही पूर्ण हो सकेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -243

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 242 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दां		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

न्यूज गैलरी

आज कोटा में स्मृति ईरानी की चुनावी सभा

बिलासपुर। केन्द्रीय मंत्री एवं अमेठी की भाजपा सांसद स्मृति ईरानी कल 14 नवंबर को कोटा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा लेंगी।डीकेपी आत्मानंद स्कूल मैदान में यह सभा दोपहर बजे होगी। इस क्षेत्र से प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भाजपा प्रत्याशी हैं। वह दिवंगत भाजपा नेता दिलीप सिंह जूदेव के पुत्र हैं। यहां त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है। इस सीट से मौजूदा विधायक जोगी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु जोगी और कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव से उनका मुकाबला है।

खो–खो खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

बिलासपुर। रेलवे परिक्षेत्र के बुधवारी बाजार स्थिति खो-खो मैदान में मंगलवार को बिलासपुर जिला जूनियर बालक-बालिक खो - खो टीम चयन के लिए जिले के खिलाड़ियों का ट्रायय हुआ। खिलाड़ियों ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। शानदार खेल का प्रदर्शन कर लोहा मनवाया।

जिला खो-खो संघ की ओर से डा.एमएस राजू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला खो- खो संघ बिलासपुर द्वारा, बिलासपुर जिला जूनियर बालक और बालिक खो - खो टीम चयन के लिए बिलासपुर जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल्स मंगलवार की सुबह नौ बजे खो- खो मैदान बुधवारी बाजार में हुआ। 18 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों ने इसमें भाग लियार। चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तर जूनियर खो खो प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ द्वारा सबसे पहले जूनियर बालक, बालिका, खो खो प्रतियोगिता, का आयोजन खेल ग्राम, पुराई, जिला, दुर्ग, में 24, 25 व 26 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। 29,30 नवंबर व 01 दिसंबर को सब जूनियर बालक बालिका खो खो प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम, लाटमेटा नवटोला में किया जाएगा। पहले यह प्रतियोगिता 23, से 25 नवंबर तक होने वाला था। लेकिन,स्कूल वाले का जूनियर,नेशनल, को ध्यान रखते हुए पहले जूनियर का स्टेट खो खो चैंपियनशिप ग्राम, पुराई जिला दुर्ग में 24 से 26 नवंबर तक आयोजित करने का निर्णय हुआ है और सब जूनियर का 29 से 01 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

आज शाम 5 बजे के बाद थम जाएगा चुनाव प्रचार का शोरगुल

मतदान केन्द्रों के लिए दलों की रवानगी कल

- 17 नवंबर को मतदान की सभी तैयारियां पूरी
- चुनाव प्रचार आखिरी दिनों में कयासों में बढ़ी गरमाहट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। चुनाव प्रचार के लिए प्रत्याशियों के पास दो दिन ही बाकी रह गए हैं। 15 नवंबर की शाम 5 बजे के बाद चुनाव प्रचार का शोरगुल समाप्त हो जाएगा। 3 दिसंबर को मतगणना के रूझान तक दावे - प्रतिदावे होते रहेंगे। मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल कल रवाना होंगे।

सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। अब आम जनता के निर्णय की बारी है। 17 नवंबर को पड़ने वाले वोट प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मुख्य मुकाबले की दोनों पार्टियां कांग्रेस और भाजपा सरकार बनाने का दावा कर रही हैं। कांग्रेस को अपनी सरकार के कार्यों पर दोबारा सरकार बनाने का जनादेश मिलने का विश्वास है तो प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा को विश्वास है कि राज्य में 15 वर्षों के उसके और केन्द्र सरकार के कार्यों पर जनता मुहर लगाएगी। इसका फैसला 3 दिसंबर को होगा जब वोटों की गिनती होगी। इस बीच दोनों ही पार्टियों में चुनाव घोषणा पत्र से लेकर राष्ट्रीय नेताओं की होड़ सी लगी रही ?। कांग्रेस ने कर्ज माफी की घोषणा की तो भाजपा ने उसके कार्यकाल के दौरान दो साल का बकाया बोनस देने और 3100 रुपए क्विंटल की दर से धान खरीदने का ऐलान कर दिया। कांग्रेस भी पीछे क्यों रहती, उसने 3200 रुपए धान का मूल्य घोषित कर दिया। भाजपा ने बड़ा दांव चलते हुए विवाहित महिला को प्रतिवर्ष 12000 रूपए महतारी वंदन योजना के तहत देने की घोषणा की। कांग्रेस को बाजी खासकर महिलाओं के मामले में उसकी तरफ झुकती हुई लगी तो चुनाव घोषणा पत्र से अलग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना के तहत 15000 रूपए प्रतिवर्ष देने की घोषणा दीपावली के दिन की। चुनाव घोषणा पत्र ही नहीं अलग से भी वादे पर वादे किए जा रहे हैं।

मकसद सिर्फ एक ही है कि सरकार गठन का जनादेश मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में ऊपरी तौर पर जो स्थितियां दिखाई दे रही हैं, उसमें किसी नतीजे पर पहुंचना आसान नहीं रह गया है। इसकी वजह भी है। कांग्रेस सरकार ने पिछले पांच साल में कई नई योजनाएं चलाकर कृषि तथा इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभान्वित किया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की बेहतर होने से लोगों को आय बढ़ी है। कुछ बुनियादी विकास के मुद्दे जरूर हैं, लेकिन ऐसा भी नजर नहीं आया कि लोग सरकार बदलने की सोच सकते हैं, जैसा पिछले चुनाव में मतदान से पहले ही नजर आने लगा था। भाजपा में प्रधानमंत्री मोदी का अपना आकर्षण है। उनकी काफी सभाएं राज्य के उत्तर से लेकर दक्षिण तक हुई हैं ?। भाजपा जिन मुद्दों लेकर चलती रही हैं , उनसे प्रभावित लोगों का मन पार्टी के प्रति बदलने का भी कोई कारण दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति में मतदाता खामोशी के साथ सबकी बातें सुन रहा है और अपना निर्णय वोटिंग मशीन के सामने खड़े होकर ही लेगा। पहले से कोई निर्णय लेना खासकर उन वोटरों के लिए ,जिनके लिए दलीय प्रतिबद्धता कोई मायने नहीं रखती और जो निर्णायक भूमिका में होते हैं। उनकी दुविधा पार्टियों का चुनाव प्रचार खत्म नहीं कर पाया है। दुविधा यह भी कि उनके लिए कौन क्या कर सकता है ?

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन खराब

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बहुत ही खराब था। लगातार 15 साल पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाली पार्टी 15 सीटों पर सिमट गई थी। इस बार भी चुनाव की घोषणा से पहले तक पार्टी में गहरी निराशा देखी जा रही थी। प्रत्याशियों की पहली सूची ने पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साह से भर दिया। प्रत्याशियों की सूची में ऐसे - ऐसे नाम थे , जिन्हें लेकर कहा जाने लगा कि इनसे अच्छे नाम नहीं हो सकते थे। पार्टी के लोगों को भी लगा केन्द्रीय नेतृत्व छत्तीसगढ़ का चुनाव जीतना चाहता है। इससे पार्टी में चुनाव का माहौल ही बदल गया और अब तो पार्टी के लोग राज्य में अपनी सरकार बनती हुई देखने लगे हैं। यह बात दीगर है कि ऐसा पार्टी कर भी पाती है या नहीं। लेकिन चुनाव में सरकार बनती हुई देखने का उत्साह ही होना किसी पार्टी के लिए बड़ी बात कही जा सकती है।

दोनों के बीच कड़े मुकाबले की स्थिति

कांग्रेस राज्य में दोबारा सरकार बनने के आत्मविश्वास से लबरेज है। चुनाव सर्वेक्षणों की रिपोर्ट्स भी कांग्रेस की सरकार दोबारा बनती हुई दिखा रही थीं। चुनाव का माहौल बनता - बिगड़ता रहता है। महीने -दो महीने पहले भाजपा मुकाबले में कहीं दिखाई नहीं दे रही थी। अब कहा जा रहा है कि दोनों के बीच कड़े मुकाबले की स्थिति है। चूंकि राज्य में कांग्रेस की सरकार है इसलिए कहा जा सकता है कि उसका पलड़ा भारी है। पहलू चरण में 7 नवंबर को 20 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो चुका है । बाकी बची 70 सीटों में सरगुजा संभाग की 14 सीटों को छोड़ दिया जाए तो सभी सीटें मैदानी इलाकों की हैं , जहां किसी पक्ष को कमजोर मानकर चलने की ग़लती कोई नहीं करना चाहेगा।

मतगणना की तारीख 3 दिसंबर

छत्तीसगढ़ के साथ ही चार अन्य राज्यों में भी चुनाव हो रहे हैं इसलिए आयोग ने मतगणना की तारीख 3 दिसंबर रखी गई है। छत्तीसगढ़ में चुनाव नतीजों का 15 दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा। प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लिए इंतजार के ये दिन-रात मुश्किल से कटेंगे। पिछली बार विधानसभा का गठन 18 दिसंबर को हुआ था।

घर के सामने खड़ी गाड़ियों में लगी आग 3 गाड़ियां जलकर खाक, कारण अज्ञात

कुम्हारी/नवप्रदेश। घर के सामने खड़ी गाड़ी में आग लग जाने की वजह से वहां खड़ी तीन गाड़ियां देखते ही देखते जलकर खाक हो गई। घटना बीती रात 8 बजे की है कांजी हाउस स्थित साहू ट्रांसपोर्ट के घर के सामने खड़ी तीन गाड़ियां अचानक धू-धू कर जलने लगी इस घटना में आर्टिगा स्मार्ट क्र. एन पी-04 7941, टाटा एस क्र. सीजी 04 जे ओ 1093 एवं टाटा एस सीजी 04 जेबी 7682 गाड़ियां बुरी तरह आग की चपेट में आ गई। गाड़ियों के जलने के स्पष्ट कारण ज्ञात नही हो पाए हैं। जानकारी के मुताबिक गाड़ी मालिक दीपावली त्योहार मनाने अपने गांव निमोरा रायपुर गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचा रात करीब 9 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया। गौरतलब है की पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 8 स्थित मिनीमाता स्टेडियम में भी आग लगने की घटना हुई थी जिसमे स्टेडियम में लगे शेड और कुर्सियां जलकर राख हो गई थी। सप्ताह भर में आग की यह दूसरी घटना है।

14.50 लाख की संदिग्ध रकम बरामद

बिलासपुर। दीवाली के दौरान एसएसटी टीम ने 14.50 लाख रुपए से ज्यादा की संदिग्ध रकम ले जाते हुए पकड़ी है। शहर के मोपका चौक के आगे चिल्हाटी मोड़ पर बनाये गये चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान मन्नाडोल सिरगिट्टी निवासी संजय साहू से 7 लाख रूपए नकद की बरामदगी की गई। इनमें 500 रूपए के 14 बण्डल शामिल है। इसी प्रकार गुरूनानक चौक तोरवा में बनाये गये जांच चौकी में जांच के दौरान मसानगंज निवासी श्री अंशुमन बाजपेयी से 7 लाख 50 हजार रूपए नकद राशि की बरामद की गई है। संबंधितों ने इन रुपयों का कोई सबूत अथवा दस्तावेज नहीं दे पाए। इसलिए रकम जब्त कर ली गई है।

पुलिस एवं केंद्रीय बलों ने किया फ्लैग मार्च

- विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चिा करना
- 80 वाहनों एवं 500 से अधिक जवानों द्वारा 2 भागों में बंटकर किया गया लैग मार्च

बिलासपुर। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह के निर्देश पर जिला पुलिस बल के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों द्वारा पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शहर में शांति कायम रखना, असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना, किसी भी अप्रिय घटना को होने से पूर्व रोकना एवं आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना है। फ्लैग मार्च पुलिस ग्राउंड से 2 भागों में प्रारंभ होकर वापस पुलिस ग्राउंड में समाप्त हुआ।

पहले दल ने पुलिस ग्राउंड-ईदगाह चौक-देवकीनंदन चौक-महामाया चौक-लोधीपारा-अशोक नगर चौक-वसन्त विहार-मोपका चौक-छठघाट-गुरुनानक चौक-गिरजा चौक-तारबाहर चौक-गांधी चौक-कोतवाली चौक-तेलीपारा रोड-पुराना बस स्टैंड-पुलिस ग्राउंड रूट पर फ्लैगमार्च किया। वहीं दूसरे दल ने पुलिस ग्राउंड-सत्यम चौक-श्रीकांत वर्मा मार्ग-व्यापार विहार रोड-सिरगिट्टी बस्ती-बन्नाक चौक-हाईकोर्ट रोड-चकरभाठा बाजार-तिफरा बाजार-महाराणा प्रताप चौक-गौरव पथ-उसलापुर-सकरी-मंगला चौक-नेहरू चौक-अम्बेडकर चौक-पुलिस ग्राउंड रुट पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइंस) श्री संदीप पटेल, नगर पुलिस (सिटी कोतवाली) श्रीमती पूजा कुमार, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री रोशन आहूजा, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री गौरव सिंह ठाकुर, सभी शहरी थानों के थानाप्रभारी सहित विभिन्न केंद्रीय बलों के कम्पनी कमांडर सहित लगभग 500 से अधिक संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

मस्तुरी विधानसभा जनसंपर्क में लोगों ने दिखाया उत्साह

डॉ.बांधी बोले- जनता का आशीर्वाद और प्यार मिल रहा

महिलाओ ने की पुष्पवर्षा

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ.बांधी ने सीपत मंडल के विभिन्न ग्रामो में जनसंपर्क किया उनका काफिला जैसे ही ग्राम दर्राभांठा पहुंचा महिलाओ ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनन्दन किया इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाये और ग्रामीण उपस्थित रहे

बिलासपुर। प्रदेश में भूपेश सरकार को लोग अब पसंद नहीं कर रहे हैं, झूठी घोषणाओं का कब तक प्रदेश की जनता घूंट पिएगी। प्रदेश की जनता भूपेश सरकार की झूठी घोषणाओं से तंग आ चुकी है भाजपा सरकार बनती देख जनता को लुभाने भूपेश बघेल गृह लक्ष्मी योजना की फर्जी घोषणा कर रहे है इतनी घोषणाएं कर रहे हैं कि लगता है कि वह खुद डरे हुए हैं। जनता अब जागरूक हो चुकी है, बदलाव चाहती है भाजपा सिर्फ मस्तुरी ही नहीं , प्रदेश के गद्दार पार्टी के नेताओं को भी साफ करने का काम करेगी। छत्तीसगढ़ ने अभी तक कांग्रेस ने शासन करते हुये जनता को किश्तों में लुटा है

कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झूठी घोषणाएं करके जनता को ठगते आये हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। अपराध का बोलबाला जिससे मस्तूरी भी अछूता नहीं है व्यापारियों से मारपीट चाकूबाजी महिलाओ पर अत्याचार के मामले चरम पर है यह बातें सोमवार को मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र के सीपत मंडल के दर्राभांठा , गुडी ,हिन्डाडीह ,कर्रा में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान मस्तुरी भाजपा प्रत्याशी डॉ. बांधी ने कही श्री बांधी ने कहा कि कांग्रेस देश को मिली आजादी के बाद से यही कांग्रेस पार्टी 50 सालो तक राज करती रही हैं।सत्ता मिलने के बाद कांग्रेस के नेताओं के स्वर बदल जाते हैं। चुनाव के दौरान जो बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं उनको दरकिनार कर अपना स्वार्थ सिद्ध किया जाता है किन्तु भाजपा की सरकार ने केंद्र रहते हुए में जनता की समस्याओं को तरजीह देते हुये जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकताएं दी। डॉ.बांधी ने जनता से अपील करते हुये कहा कि यदि उनका आशीर्वाद मिला और भाजपा की सरकार बनती है तो जो घोषणा पत्र में शामिल है वह सभी गारंटियां लागू होंगी। महिलाओं को वार्षिक 12000 की राशि मिलेगी।

सूचना साझा करने प्रेक्षकों से किया जा सकता है संपर्क

बिलासपुर। चुनाव आयोग द्वारा जिले के लिए 7 प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। वे शहर के विभिन्न विश्राम गृहों में ठहरे हुए हैं। इनमें 3 सामान्य प्रेक्षक, तीन व्यय प्रेक्षक व एक पुलिस प्रेक्षक शामिल हैं। सामान्य प्रेक्षक न्यू सर्किट हाउस में, व्यय प्रेक्षक रेलवे की रेस्ट हाउस न्यू सतपुड़ा भवन में व पुलिस प्रेक्षक एसईसीएल रेस्ट हाउस में ठहरे हुए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामान्य प्रेक्षकों में कोटा एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नायली इते, व बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कुमार प्रशांत, बेलतरा व मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के लिए उदयन मिश्रा से संपर्क किया जा सकता है।

अलग- अलग जगहों से 920 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

बिलासपुर। विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा अवैध शराब पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश प्रसारित किए गए हैं। ग्राम बेल्हा थाना पचपेड़ी में115डिब्बों में भरा कुल 920लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी अजय पिता चंद्रभान गौड़ निवासी बेल्हा थाना पचपेड़ी, मनोहर पिता रामसिंग मंडावी निवासी बेल्हा थाना पचपेड़ी से जब्त करआब अधि. की धारा 34(1)खका प्रकरण दर्ज किया। कार्यवाही में स.जि.आब.अधि. सुश्री कल्पना राठौर,छवि पटेल एवं आब. उपनिरीक्षक महेश राठौर,धर्मेंद्र शुक्ला,?श्वर्या मिंज ,दिनेश ध्रुव एवं आरक्षक प्रकाश ठाकुर,गौरव स्वर्णकार जयशंकर कमलेश, अनिल पाण्डे साथ रहे।

225.32 लीटर देशी मदिरा ज़ब्त

बिलासपुर। लोरमी कोटा तखतपुर मोड़ में ग्राम करगीकला मेंपैरावट में छुपा के रखा 7 बोरियों में 1230 नग पाव (221लीटर देशी मदिरा) अज्ञात जब्त किए जाकर आब. अधि. की धारा 34(1)(क) 34(2) 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किये जाकर विवेचना में लिया। शेखर कुमार पिता रेवा संवरा निवासी लमकेना थाना कोटासे24 पाव प्लेन मदिरा (4.32 लीटरदेशी मदिरा) जब्त करआब अधि. की धारा 34(1)ख का प्रकरण दर्ज किया।

चुनाव-2023 सामग्री वितरण के लिए 300 कर्मचारियों की ड्यूटी, बनाए गए 76 काउंटर

मतदान दलों को सामग्री का वितरण कल

बिलासपुर। जिले में 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य 16 नवम्बर को कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से सवेरे 8 बजे से शुरू होगा। सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए बैरिकेडिंग सहित पूरी तैयारियां हो चुकी है। आज प्रार्थना सभाभवन में लगभग 300 कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक विधानसभावार 20 मतदान केंद्रों पर सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए एक काउंटर बनाया गया है। इस प्रकार 6 विधानसभाओं के लिए कुल 76 कांउटर बनाए गए है। निर्वाचन सामग्री वापसी की कार्यवाही 17 नवम्बर को मतदान संपन्न होने के पश्चात शुरू होगी। वितरण की जाने वाली सभी सामग्रियों की लिस्टिंग उचित तरीके से करने के निर्देश प्रशिक्षण में दिए गए। नगर निगम कमिश्नर एवं प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने व्यवस्थित मतदान के लिए दलों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान से सबंधित पूरी प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझते हुए अपने कार्यों को पूरा करना आपकी जवाबदेही है। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी ने निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापस लेने के दौरान ड्यूटी देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिले के मास्टर ट्रेनर श्री एमटी आलम ने कहा कि मतदान दल के सदस्यों का ड्यूटी आदेश देखकर, सत्यापन करके ही उन्हें मतदान सामग्री दी जाये।

उन्होंने मतदान सामग्री में व्हीव्हीपेट, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, बस्ता, ग्रीन पेपर सील, पिंक पेपर सील, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति, स्पेशल टैग एवं ब्रेल मतपत्र, वोटिंग कम्पार्टमेंट आदि सामग्री सूची सहित दी जाये तथा मिलान करके वापस सामग्री ली जाये। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान दलों को वितरण की जाने वाली सामग्री के विषय स्पष्ट जानकारी नाम सहित होना चाहिए। इसके साथ ही दलीय भावना से इस महत्वपूर्ण कार्य का संपादन करना चाहिए। सभी सदस्य अपने दायित्वों का निर्वहन धैर्य पूर्वक करें। मास्टर ट्रेनर ने सामग्री वितरण करने वाले ड्यूटी स्टाफ को सामान देने और मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण में सभी 6 विधानसभा के संबंधित आरओ एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

चुनाव आयोग की होम वोटिंग सुविधा हुई सफल

98 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर बैठे मतदान

बिलासपुर। चुनाव आयोग की होम वोटिंग की सुविधा जिले में काफी सफल हुई है। पंजीकृत लोगों में से 98 प्रतिशत बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने अपने घर में मताधिकार का उपयोग किया है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने पहली बार 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र वाले मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को इस बार अपने घर में डाकमत पत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा दी है। जिले में पंजीकृत 567 में से 545 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए घर बैठे मतदान किया है। इस दौरान पंजीकरण कराने के बाद 12 बुजुर्गजनों का निधन भी हो गया। घर पर ही मतदान करने की सुविधा मिलने पर सभी ने गर्व महसूस करते हुए निर्वाचन आयोग के प्रति आभार जताया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 567 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के जरिए घर बैठे मतदान का विकल्प लिया था। इनमें 80 वर्ष या उससे अधिक के 497 मतदाता एवं 70 दिव्यांग मतदाता शामिल है। होम वोटिंग का पहला चरण 8 नवम्बर से 10 नवम्बर के बीच हुई। 10 नवम्बर तक कुल 461 बुजुर्गों एवं 70 विकलांग मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। छूटे हुए शेष मतदाताओं के लिए दूसरे चरण का मतदान आज 13 नवम्बर को हुआ। इसमें कुल 14 लोगों ने मतदान किया। इन्हें मिलाकर कुल 545 लोगों ने पोस्टल बैलेट के जरिए घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें कोटा विधानसभा के 126, तखतपुर विधानसभा से 199, बिल्हा विधानसभा से 51, बिलासपुर विधानसभा से 90, बेलतरा विधानसभा से 111 और मस्तूरी विधानसभा से 68 मतदाता शामिल है।

हमें चुनाव आयोग पर भरोसा, एक भी एजेंट नियुक्त नहीं करेगी आप : जायसवाल

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ आकाश जायसवाल ने प्रेस वार्ता आयोजन कर कहा कि हम अन्य दलों की तुलना में कॉपी नहीं करके हम उन लोगों को जिनका हमने एजेंट के लिए बोला गया था उन्हें हम फील्ड पर भेज रहे हैं और उनको फील्ड वर्क दिया जा रहा है तो यह सूचना मैं आप लोगों को देना चाहता हूं कि हम पूरे 228 पोलिंग केंद्र में कोई भी एजेंट नियुक्त नहीं कर रहे हैं हमें पूरा विश्वास है मतदान पर पूरा विश्वास है हमारे भारत देश के मतदाताओं पर जिन पार्टियों को निर्वाचन पर भरोसा नहीं है वह बिल्कुल एजेंट नियुक्त करें हमें पूरा विश्वास है कहां के आम लोगों को दोनों पार्टियों ने मजाक बना रखा है देखा कि जब चुनाव हार रहे तो लोक लुभावन घोषणा कर रहे अब घोषणा से क्या समझा जाये यदि दोनों पार्टी सही है तो इन्हें अपने घोषणा पत्र में विस्वास नही जो अब हट कर वोट के लिए चुनावी स्टंट कर रहे । हमने पूरा बैकुंठपुर कोरिया जिला देखा है आज देखी कि आज लोकतंत्र का मजाक किस तरह से उड़ाया जा रहा है आज यह दोनों पार्टियों बैकुंठपुर में इतने सालों से राज करने के बाद भी आज इनको यह क्या जरूरत पड़ी है कि यह साड़ी कंबल पैसा दारू मुर्गा पर निर्भर है मैं पूछना चाहता हूं कि कहां थे आप 5 साल अगर आपने काम किया होता तो आपको यह करने की नौबत नहीं आती हमारे पास वीडियो है हमारे पास प्रूफहै लोगों के पास रात को जाकर के उनको भड़काने की कोशिश की जा रही है यह हम किस सदी में जी रहे हैं और आज आप सबको मैं बोलना चाहता हूं कि इस पर विचार करना चाहिए कि इन लोगों ने हमेशा से यह करते आये है और आज भी यह वही दोहरा रहे हैं लेकिन जनता मूर्ख नहीं है । हमारे पास कांग्रेस पार्टी के द्वारा नगर में पैसा बांटने की शिकायत व फुटेज है इसको आप किस रूप में देखते हैं कि चुनाव के समय इस तरह की बात कही जा रही है यह जो आचार संहिता का उल्लंघन है कांग्रेस कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है मैं आपको बताता हूं कि यह सारे लोग

लुभावने वादे हैं चुनाव का समय हैं कहां थे यह लोग जब जनता ने इन्हें बहुमत देकर सरकार बनाने दिया आज जब भ्रष्टाचार में इनको पता है कि कुर्सी हिल गई है उनकी जमीन जा चुकी है छत्तीसगढ़ से तो इनके बड़ी-बड़ी बातें इनको याद आ रही है जनता बहुत समझदार हैं । कोरिया जिला वासियों से मिलने के लिए मै जहा जहा जाता हूं हर गांव में इतनी बुरी स्थिति है पूरे जिले की हालत खराब कर रखी है दोनों पार्टी के नेताओं में खास कर सत्ता पार्टी के रिस्पेक्ट मैडम सिंह देव जी से मैं पूछना चाहता हूं आप सबके माध्यम से कि क्यों नहीं गई वह किसी के पास आज जन-जन के मन में सवाल है किसी के पास इसका जवाब नही ,वर्तमान विधायक का दौरा नहीं हुआ है कोई भी आप जाकर पूछे ग्रामीण इलाकों में उन्होंने दौरा क्यो नहीं किया लोगों की समस्याएं क्यो सुनी ही नहीं ।वही आज जहां से पूर्व मंत्री राजवाड़े जी लड़ रहे हैं मैं आज पूछता हूं कि उनका खुद का निजी ग्राम वहां का विकास जाकर के वह देखें पूरे कोरिया जिला की चाबी उनको फिर से कैसे दे दी जाए यह सवाल आज पूरी जनता पूछ रही है आज मैं सब की आवाज हूं मैं आपसे बोलना चाहता हूं जो अपने गांव का विकास नहीं कर पाए आज उनके गांव में छोटे-छोटे बच्चे जिनके सर पर भाजपा फूल छाप की टोपी है पैरों में चप्पल तक नहीं है बदन पर कपड़े तक नहीं है यह हाल है पूर्व मंत्री के ग्राम का । वह प्रदेश के मंत्री थे जब आप अपने आसपास ही नहीं देख पा रहे हैं तो आप पूरे कोरिया जिला को कैसे देखेंगे मैं पक्ष विपक्ष की बात नहीं करूंगा मैं कहूंगा कि आप पीछे जाइए संभाग की बात छोड़िए सत्ता में रहते काग्रेस के जिला विभाजन की बात कीजिए कैसा जिला विभाजन किया आपने कौन खुशी हैं और जिला विभाजन से आज बचरा पोड़ी क्षेत्र के लोग जिला वहां राजस्व यहां क्या कांग्रेस ने सही किया है आपने बिना किसी सोचे समझे बिना किसी प्लानिंग के साथ लोगों से बात के बगैर जिला किसके लिए विभाजन कर दिया है जिले के लोग हैं ना जिले के लोगों से बात की जाती है क्या जिले के लोगों को प्राथमिकता होनी चाहिए इसमें सबसे पहले विचार जिले के लोगों की होनी चाहिए बिना उनके बिना उनके राय मशवरा के कोई भी ऐसे बड़े निर्णय नहीं होने चाहिए किन्तु काग्रेस केवल वोट के लिए आम जनता के बीच जाती है फिर पाँच वर्ष दिखेंगे नही जैसा अब के विधायक का हाल है आप सभी बिना भय के मतदान करे यह अपील की है ।

समाजसेवी संस्था ने किया अज्ञात शव का अंतिम संस्कार

- **संस्था ने अब तक 140 वीं लावारिस लाश का कर चुके अंतिम संस्कार**

कांकेर /नवप्रदेश। दीपावली त्यौहार के मध्य ही 140 वीं लावारिस लाश का अंतिम संस्कार करते हुए नगर की चर्चित समाजसेवी संस्था जन सहयोग समाजसेवी ने मानवता की मिशाल कायम करते हुए अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया है। इस पुण्य कार्य के लिए उन्हें तथा उनके साथियों को अपने व्यवसाय को एक घंटे के लिए छोड़कर अंतिम संस्कार की व्यस्तता में लग जाना पड़ा लेकिन पुलिस तथा प्रशासन के अनुरोध को विनम्रता पूर्वक स्वीकार कर इन समाज सेवियों ने अंत्येष्टि कार्य समय पर संपन्न कर दिखाया, जिसकी शहर वासियों ने अत्यंत प्रशंसा की। विवरण इस प्रकार है कि अजय पप्पू मोटवानी अध्यक्ष जन सहयोग को अचानक ही पुलिस थाने से संदेश प्राप्त हुआ कि कांकेर निवासी अश्वनी नेताम पिता महेश नेताम (उम्र 45 को 5 नवंबर को ज़िला कोमल देव अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसकी मृत्यु 11 नवंबर को इलाज के दौरान हो गई। मृतक के परिवार जनों का पता नहीं लग सका और लाश क्लेम करने भी कोई नहीं आया। इस वजह से पुलिस थाना कांकेर द्वारा ÷जन सहयोग÷ संस्था से अश्वनी नेताम के कफ़न दफ़न का इंतज़ाम करने का अनुरोध किया गया। इस अपील को स्वीकार करते हुए दीवाली में अपने व्यापार की व्यस्तता को छोड़कर अजय पप्पू मोटवानी तथा उनके साथी समाजसेवी, जिनके नाम क्रमशः इस प्रकार हैं, चरण यादव, करण नेताम, फलेश्वर ,कुदराम,

धनेश ध्रुव सिपाही, दीपक ह लावारिस लाश के अंतिम संस्कार हेतु पहुंच गए और विधि विधान सहित अश्वनी नेताम का अंतिम संस्कार दूध नदी के किनारे कर दिया । इसे देखकर काँकेर की आम जनता ने ÷जन सहयोग÷ के समाज सेवकों की बहुत-बहुत तारीफ़ की और बुजुर्गों ने भी उन्हें आशीर्वाद दिए। यह जन सहयोग द्वारा किया गया लावारिस लाश का 140 वां क्रिया कर्म था।

पाटन थाना क्षेत्र में पुलिस और सेना के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

पाटन/नवप्रदेश। एसडीओपी पाटन देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में पाटन थाना क्षेत्र के सभी मतदान बूथ ओर गांवों में पुलिस के साथ सेना के जवान फ्लेग मार्च कर रहे है। शांति पूर्ण त्यौहार और चुनाव को लेकर पुलिस का लगातार फ्लेग मार्च जारी। थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने बताया की पाटन थाना क्षेत्र के प्रत्येक गांव में फ्लेग मार्च निकाली जा रही है। उन्होंने

अपील किया है की सभी लोग शांतिपूर्वक सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में दीपावली का त्यौहार मनाए। साथ ही मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर कर लोकतंत्र को मजबूत करे। आज फ्लेग मार्च चीचा, देवादा, फुंडा, पुनईडीह, सहित अन्य गांवों में पहुंची। बताया गया है की शाम तक पाटन थाना क्षेत्र के सभी गांवों में फ्लेग मार्च निकाली जाएगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए मतदाता जागरूकता

बिलाईगढ़/नवप्रदेश भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्धिकी के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड बिलाईगढ़ के स्कूली बच्चों द्वारा पंथी नृत्य,सुवा नृत्य,गीत नाटक भाषण प्रहसन के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।जिसमें प्रेसक पवन कुमार (IAS), एस डी एम

स्निग्धा तिवारी,जिला स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान,जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत,जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री योगेश्वरी बर्मन, बीइओ एस एन साहू,यंग प्रोफेशनल शाहीन अंसारी,बालवाड़ी ब्लॉक नोडल संजीव राजेत्री विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य सहित विकासखंड के विभिन्न महिला समूह के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

गौरा-गौरी विसर्जन शोभायात्रा में हुए सभी शामिल

पाटन/नवप्रदेश। पाटन क्षेत्र के गांवों में दिवाली पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। आज सुबह गौरा गौरी ईशर देव का विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान गांवों में काफी भीड़ भी देखने को मिली।

नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा पाटन के ग्रामीण क्षेत्र में भी गौरा गौरी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण सुबह से शोभायात्रा में शामिल हुए। गांवों में ग्रामीण महिलाएं अपने घर के सामने गौरा गौरी किपुजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना किया। ग्राम छाटा में गौरा चौक के पास ग्राम की महिलाएं एकत्रित होकर गौरा गौरी गीत प्रस्तुत किया जा रहा है। बताना होगा कि गौरा गौरी गीत हमारे प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहर है जिसे गाने के लिए महिलाएं गौरा चौंक पर उपस्थित हो जाती हैं। इन्हें गीत की सारी पंक्तियां कंठस्थ है। लक्ष्मी पूजन के पश्चात मिट्टी से गौरा गौरी बनाया जाता है और उनकी पूजन अर्चना की जाती है तथा रात्रि से सुबह तक गांव भ्रमण करते हैं। इस दौरान शिव पार्वती के विवाह समारोह का आयोजन भी होता है। शीतला तालाब में गौरा गौरी का विसर्जन किया गया। इसके अलावा अखरा, खोरपां, दैमार, नवागांव, संतरा, फुंडा, चिचा, लोहर्सी, कसही, पंडर सहित अन्य ग्रामों में हर्षोल्लास से मनाया गया।

कभी कांग्रेस कभी भाजपा को मतदाताओं ने जीताया

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव से अभी कांग्रेस के विधायक हैं। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार को लोगों ने विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा था। मांग पत्र को राज्य सरकार एवं विधायक को भी भेजा गया था। लेकिन वह पूरा नहीं हो पाया है। इसक कुछ असर इस बार पड़ सकता है। यहां 9500 मतदाता हैं। नगरवासी पिछले 5 वर्षों के विधायक के कार्यकाल और राज्य सरकार के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में कुछ अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही अपने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। उसमें लोक लुभावन वादे किए गए हैं। पिछली बार कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों के लोन

माफ कर दिए थे। कांग्रेस ने इस बार भी लोन मापी की घोषणा की है। इसका भी क्षेत्र के लोगों पर प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं को 15 हजार देने की घोषणा सहित अन्य कई वादे किए हैं। मतदाताओं पर जरूर असर पड़ेगा। लेकिन यह अब वक्त की बात है कि कौन बनेगा बिलाईगढ़ विधायक और राज्य में किसकी सत्ता होगी। ये तो 3 दिसंबर को ही पता चलेगा। बिलाईगढ़ विधानसभा हमेशा से एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा का विधायक जीतते रहे हैं। फिलहाल कुछ भी कहना बेमानी होगी। प्रदेश में दूसरा चरण का मतदान 17 नवंबर को होना है। बिलाईगढ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत भटगांव में जनसंपर्क किया। बसस्टैंड मेन रोड़ से शुरु किया। उन्होंने घर घर दस्तक देकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। दीपावली के कारण नगर के चौक चौराहों में मां लक्ष्मी तथा मां काली की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की जा रही है। वहां पहुंचकर लोगों को पीएम की गारंटी की जानकारी दे रहे हैं।

निधन

कृष्णा अवतार कौशिक

कांकेर/नवप्रदेश। श्रीराम नगर काँकेर निवासी कृष्णाअवतार कौशिक आयु 90 का लंबी बीमारी के बाद 12 नवंबर को रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नरेश कौशिक के पिता थे। 13 नवम्बर सोमवार को सुबह 11 बजे अंतिम यात्रा निकाली गई मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमे शहर के गणमान्य नागरिक सहित स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुराना बाजार चौक पाटन का ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे

पाटन। पुराना बाजार चौक पाटन में आज दिवाली के दिन खरीददारी करने आए लोग सहित इस मार्ग पर चलने वाले राहगीर घंटो जाम में फंसे रहे। हर साल त्योहार के समय इस जगह पर भीड़ रहती है इसके बाद भी पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था पर किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिए जबकि यह जगह थाना से महज कुछ की दूरी पर है। सड़क पर दुकान लगा देने के कारण जाम की स्थिति बन रही है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

खाना कम हो पर ऑक्सीजन...

के जरिए ऑक्सीजन, खाद्य सामग्री व पानी भेजा जा रहा है। वहीं जेसीबी व अन्य मशीनों से मलबा हटाने का काम जारी है। इसके अलावा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए देहरादून से ऑगर मशीन मंगवाई गई है, जिससे कि सीवर लाइन बनाने की तरह बोरिंग की जाएगी। इस काम में चौबीस घंटे का समय लग सकता है जिसके बाद ढाई फीट व्यास के पाइप डाले जाएंगे। इससे सभी मजदूर बाहर आ जाएंगे। बताया कि इस काम में एक से दो दिन का समय लग सकता है। जिस स्थान पर मजदूर हैं वहां करीब पांच से छह दिन के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन है। इसके अलावा पाइपलाइन से भी ऑक्सीजन भेजी जा रही है।

प्लान ए, बी और सी पर कर रहे कामः सीएम धामी

उत्तरकाशी के सिलक्यारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सुरंग में धंसाव होने से वहां फंसे 40 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभियान युद्धस्तर पर जारी है। वहां चल रहे बचाव अभियान का निरीक्षण करके लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, सुरंग में फंसे सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा, केंद्र और राज्य सरकार इस घटना को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने कहा कि सुरंग में 40 मजदूर फंसे हैं। कहा, बचाव अभियान तेजी से जारी है। मौके पर कार्यदायी एजेंसी के अलावा रेलवे विकास निगम समेत विभिन्न एजेंसियों के विशेषज्ञ भी पहुंच गए हैं। वे प्लान ए, बी और सी पर काम कर रहे हैं।

ऑक्सीजन व भोजन उपलब्ध कराया गया

सीएम धामी ने कहा, सुरंग में फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें ऑक्सीजन व भोजन उपलब्ध करा दिया गया है। उत्तरकाशी से लौटकर सीएम ने राज्य सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घटना को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने बचाव अभियान में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

अक्तूबर में थोक ...

प्रतिशत थी, जबकि उससे पिछले महीने यानी कि सितंबर में यह आंकड़ा 3.35 प्रतिशत था।

ईंधन और बिजली की महंगाई अक्तूबर शून्य से 2.47 प्रतिशत नीचे थी, जो कि सितंबर में शून्य से 3.35 प्रतिशत नीचे थी। विनिर्माण उत्पादों में महंगाई दर (-) 1.13 प्रतिशत, जबकि सितंबर में (-)1.34 प्रतिशत थी। वार्षिक खुदरा महंगाई या सीपीआई अक्तूबर में बीते पांच महीने में सबसे कम यानी 4.87 प्रतिशत रही।

किस दुनिया में रहते ...

20 हजार करोड़ रुपये से कम के मोबाइल फोन बना करते थे। जबकि आज भारत में साढ़े 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के मोबाइल बनते हैं। आज पूरा देश लोकल के लिए वोकल हो रहा है। त्योहारों के अवसर पर भारत में बने उत्पाद, भारतीयों के बनाए उत्पाद खरीद रहा है। लेकिन क्या कांग्रेस के किसी भी नेता ने लोकल के लिए वोकल होने को कहा?'

सरकारी कर्मियों को ...

निर्णय के बाद सरकार पर करीब 75 करोड़ रूपए महीने का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। कर्मचारी नेताओं के मुताबित नियमित %कर्मियों के लिए इसमें से 60 करोड़ रूपए खर्च होंगे। पेंशनरों को भी डीए दिए जाने पर 15 करोड़ रुपए महीना अतिरिक्त लगेंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के डीए के संबंध में कहा है कि इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से भी आग्रह किया जा रहा है।

70 विस सीटों में एक तृतीय ...

कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फमहिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच ...

प्लेयर्स को पता होना चाहिए कि उन्हें बॉल और बैट से क्या करना है। हमारी टीम में सभी खिलाड़ियों को अपना रोल पता है।

गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल बना ...

कोई मदद नहीं मिल रही है। हमारे पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है क्योंकि शव सड़ने शुरू हो चुके हैं। उन्होंने कहाकि जिस वक्त हम बात कर रहे हैं तो कब्र खोदने का काम शुरू हो चुका है। अल शिफा अस्पताल के चीफमोहम्मद अबू सलमियाह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा बदतर हो चुकी है। उन्होंने कहाकि अस्पताल में फ्यूल सप्लाई बंद होने के चलते आईसीयू में रखे गए सात बच्चों और 29 मरीजों को भी दफनाना पड़ा है।

शवों की बदबू करने लगी बेहाल

अस्पताल में मौजूद लोगों के मुताबिक हालात बद से बदतर चुके हैं। हर तरफसड़ते हुए शवों की बदबू है। यहां पर काम कर रहे एक डॉक्टर ने इसे अमानवीय बताया है।

उन्होंने कहाकि यहां बिजली तो है ही नहीं, खाना और पानी भी नहीं है। बता दें कि अल शिफा अस्पताल पिछले 72 घंटों से अधिक से दुनिया से कटा हुआ है। इसकी वजह यह है कि इजरायल ने यहां पर अपना घेरा डाल रखा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

हमने पिछली बार के सारे वादे पूरे किए, इस बार भी करेंगे- भूपेश

जांजगीर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को जांजगीर-चाम्पा विधानसभा सीट के चाम्पा में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार आपसे जो वादे किए थे उसे हमने पूरा किया। इस बार भी आप सरकार बनवाइए हम पिछली बार की तरह फिर कर्जा माफ करेंगे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब केवल किसानो का कर्जा माफ नहीं होगा बल्कि प्रदेश मे स्व सहायता समूह मे काम करने वाली महिलाओ कर्जा, ट्रांसपोर्टरो का 2018 के पहले का टैक्स माफ होगा। इसके अलावा 200 यूनिट तक की बिजली बिल माफ किया जायेगा। इस योजना से लगभग 80 से 90 प्रतिशत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। 500 रूपये गैस रिफिलिंग कराने वाली महिलाओ को सीधा लाभ मिलेगा। इस बार प्रदेश कि नई कांग्रेस सरकार देश में सबसे ज्यादा 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदेंगी। प्रदेश के लगभग 6000 हजार हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों को स्वामी आत्मनंद की तर्ज पर उन्नयन किया जाएगा। साथ प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल, इंजिनियरिंग, पालेटेक्निक, एग्रीकल्चर सहित सभी कालेजों मे सभी वर्ग के छात्र छात्राओं की निशुल्क पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी की क्या गारंटी है, उन्होंने कहा था 15-15 लाख रुपए सबके खाते में आएंगे, आए क्या । उल्टा जनधन खाता खुलवाने के लिए लोगो को 500-500 रूपये देना पड़ा। नोटबंदी के बाद कालाधन खत्म हुआ क्या। पीएम मोदी हमेशा झूठ बोलते हैं, इनका भरोसा मत करना। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और भूपेश के वादों और गारंटी पर भरोसा करना और कांग्रेस की सरकार बनवाना। सीएम बघेल ने मंच से नई सरकार बनने के बाद चाम्पा मे कोकून बैंक, सलखन मे महाविद्यालय खोलने की घोषणा की।

सालों से बालानी चौक में हो रही काली पूजा

मुंगेली/नवप्रदेश। दीपावली के पश्चात् महालक्ष्मी, सरस्वती एवं काली की आराधना की जाती है। नगर में विगत 20-25 वर्षो से बालानी चौक में काली की स्थापना की जा रही है, नगर के मां परमेश्वरी चौंक स्थित चौराहे पर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है।

नवनीत समिति द्वारा विगत 39 वर्षो से मां परमेश्वरी बालानी चौंक में दीपावली की पूर्व संध्या पर काली की प्रतिमा स्थापना कर पूजा अर्चना करने की परंपरा चली आ रही है। इस दीपावली पर भी समिति द्वारा दीपावली की देर रात मां काली की मूर्ति की स्थापना की गई। श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की स्थापना कराई गई। दीपावली से एकादशी तक 11 दिनों के इस काली पूजा उत्सव में प्रतिदिन जसगीत, भजन, कीर्तन होंगे।

धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

मुंगेली/ नवप्रदेश। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली के तीसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया तथा इस दिन किसानों ने अपने कृषि कार्य में काम आने वाले औजारों तथा जानवरों की पूजा की तथा उन्हें खिचड़ी खिलाकर गोवर्धन की पूजा की। दीपावली के दिन एक ओर जहां चारों ओर रौनक रही। वहीं दीपावली के तीसरे दिन गोवर्धन पूजा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जोर-शोर से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के दिन ग्रामीणों द्वारा अपने गाय-बैलों की पूजा की गई तथा उन्हें खिचड़ी, जिमीकंद, मिठी खिचड़ी आदि खिलाई गई।

आज शाम से शराब बिक्री पर प्रतिबंध

मुंगेली/ नवप्रदेश। जिले में विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से 17 नवम्बर मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रखने के आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों, होटल, रेस्टोरेन्ट, बार, क्लब आदि की समस्त दुकानों, मद्य भण्डारण, भाण्डागार मुंगेली, धूमा स्थित भाटिया वाइन मर्चेंट डिस्टिलरी को मतदान समाप्ति के 48 घंटे के पूर्व अर्थात 15 नवम्बर 2023 की शाम 5 बजे से 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त अवधि में समस्त मदिरा दुकानों को पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

थाना प्रभारी पर लेनदेन का आरोप

जांजगीर/ नवप्रदेश। हसौद थाना प्रभारी पर छेड़छाड़ के मुख्य आरोपी के सहयोगी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता के अनुसार आवेदन को बदलवाकर केवल एक ही व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई बाकी सहयोगी को छोड़ दिया गया , मामला हसौद थाना का है। दरअसल हसौद थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ हुआ था , छेड़छाड़ करने वाला के साथ और भी एक सहयोगी था जिसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।शिकायतकर्ता ने बताया कि छेड़छाड़ करने वाला गोविंद कश्यप के साथ मे आरोपी के सहयोग करने वाला सन्तोष कश्यप के खिलाफ भी शिकायत किया गया था , मगर पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय आवेदन को बदलवाकर सहयोगी सन्तोष कश्यप को छोड़ दिया गया। केवल एक ही आरोपी गोविंद कश्यप के खिलाफ कार्रवाई की गई है।जबकि सन्तोष कश्यप मुख्य आरोपी को भगाने में भी सहयोग कर रहा था।फिर पुलिस ने आरोपी के सहयोगी सन्तोष कश्यप को दौड़ाकर पकड़कर थाना लाया था और बैठाकर रखा था।

कोरिया और रायगढ़ को बनाएंगे संभाग- बघेल

सरकार बनते ही कर्जा माफ की दी गारंटी

बैकुंठपुर-कोरिया/ नवप्रदेश। विधानसभा बैकुंठपुर के पैलेस के पीछे ग्राउंड में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रात्रि 7 बजे कांग्रेस प्रत्याशी अम्बिका सिंहदेव के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले चुनाव में रमन की गारंटी नही चला इस बार मोदी की गारंटी ले कर आये हैं जो कि जुमला है हमने पिछले चुनाव में जो वादा किया उसे सरकार बनते ही निभाया पहले चरण का मतदान हो चुका है दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को जिसमे आप सभी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले पहले चरण के चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। इस बार पूरे छत्तीसगढ़ में पिछले विधानसभा चुनाव के जैसे इस बार भी कांग्रेस के पक्ष में लहर है। लेकिन दुसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी सिर्फ ठगने की काम करती है । वो जितने भी वादा किए सभी से मुकर गए। आदिवासियों को जर्सी गाय देने की बात की थी वो भी नही दिया । उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के प्रदेश चेहरे पर लोग विष्वाश करना छोड़ दिया तो मोदी जी अपने नाम का गारंटी दे रहे हैं। मोदी जी 15 लाख देने का बात कही थी लेकिन आज तक किसी के खाते में कुछ भी नही आया । मोदी ने कालाधन वापस करूँगा कहा था, लेकिन काला धन नही आया ।महामारी में कोरोना समाप्त करने के बजाय ताली बजवाया, थाली बजवाया, उसकी कोई गारंटी नही है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर लोगों को भरोसा है । उन्होंने कहा कि कॉन्ग्रेस की सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ होगा, 3200 रुपये क्विंटल में धान खरीदी करेंगे। साथ ही महिला समूह के बहनों द्वारा लिया गया कर्जा माफ होगा , 200 यूनिट तक का बिजली माफ होगा , 500 रूपये में गैस सिलिंडर मिलेगा, तेंदूपत्ता में 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार दिया जायेगा, केंद्र सरकार मदद करे या ना करें छग में 17 लाख 50 हजार आवास बनाएंगे, 10 लाख तक मुफ्त ईलाज होगा, डॉ खूबचन्द बघेल योजना के तहत 10 लाख व 25 लाख तक विशेष योजना के तहत दुर्घटना में सरकार मुफ्त इलाज कराएगी, स्वामी आत्मनांद अंग्रेजी स्कूल खोला है उसी के तर्ज पर सभी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल को बनाया जाएगा, कॉलेज आने जाने वाले छात्रों को 50 किलोमीटर से अधिक दूरी जाने वाले छात्रों को किराया देने की जरूरत नही है। सभी प्रकार की कॉलेज उसमें एडमिशन व टयूशन फीस नही लगेगा । सरकार बनते ही जाती जनगणना भी कराई जाएगी।

नए उद्यमी साथी को रोजगार के लिए सभी को

50 हजार लोन का सब्सिडी दिया जाएगा । महिलाओं के लिए दीपावली के अवसर पर गृह लक्ष्मी योजना के तहत बिना भेदभाव के हर महिला को प्रत्येक साल 15 हजार दिया जाएगा। उन्होंने कहा हमारी द्वारा योजना में फर्म नही भरवाया जा रहा लेकिन भाजपा वाले फार्म भरवा रहे है । उन्होंने कहा कि भाजपा ठगने वाली सरकार है पर कांग्रेस भरोसा लायक सरकार है। वही सरकार बनते ही कोरिया के साथ रायगढ़ को भी संभाग बनाने का वादा किया।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सक्ती में भाजपा प्रत्याशी के लिए की चुनावी सभा...

कांग्रेस से सब्जी बेचने वालों से लेकर छोटे-बड़े सभी व्यापारी त्रस्त : स्मृति

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए नहीं बल्कि वसूली के लिए जाना जाता है, यहां का वर्तमान प्रतिनिधि जनता को डराने धमकाने के लिए जाना जाता है। सब्जी बेचने वाला हो या छोटा बड़ा व्यापारी हो सब कांग्रेस सरकार के वसूली अभियान से त्रस्त है। उक्त बातें केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज 14 नवंबर को सक्ती में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार राज्य में पुलिस बल का प्रयोग कर भाजपा के कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है लेकिन जब तक जनता जनार्दन हमारे साथ है कोई माई का लाल हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा प्रशासन का दुरूपयोग सत्ता पाने के लिए किया है, इसका सबसे बड़ा प्रमाण कांग्रेस सरकार द्वारा देश में इमरजेंसी का लगाया जाना है। कांग्रेस ने तंत्र को जनता और लोकतंत्र के खिलाफ इस्तेमाल कर सत्ता का दुरूपयोग करते चली आ रही है। लेकिन अब जनता जाग गयी है और ऐसे लोगों को हमेशा ही धूल चटाई है। अब वक्त आया है ऐसे लोगों को सबक सिखाने का, कांग्रेस सरकार में जहरीली शराब से न जाने कितने मौते हुई है जब सरकार द्वारा शराब बाटी जाती है तो इससे किसी गरीब परिवार का ही नुकसान होता है। यह सरकार मेहनतकश परिवार के बच्चों को नशा जैसे बुरी लत से ग्रसित कर रहा है। केन्द्र सरकार ने कोरोना काल में न सिर्फ अपने देश को बल्कि कई देशों को वेक्सिन भेजकर लोगों की जान बचाने का काम किया है, उस समय कांग्रेस की सरकार द्वारा गरीबों को मौत के घाट उतारने यह भ्रम फैलाया जा रहा था कि मोदी वाली वेक्सिन मत लगाओं तब मोदी जी ने खुद अपने को वेक्सिन लगाकर देशवासियों को भरोसा दिलाया। उस समय अगर देश का रिमोट सोनिया राहूल के हाथ में होता तो आम जनता का क्या होता? अब समय आ गया है साथियों कमल का बटन दबाओ आशीर्वाद देकर खिलावन को जिताओ और कांग्रेस को अच्छा वाला इंजेक्शन लगाओं। इस अवसर पर प्रत्याशी खिलावन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सरकार में उनके कार्यकर्ताओं को ठेकेदारी के माध्यम से कमाई का जरिया दिया गया है और काम में गुणवत्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं एक किसान परिवार का और आपके सक्ती विधानसभा क्षेत्र का मूल निवासी हूं मुझे वोट देंगे तो पूरे क्षेत्र में हमेशा उपलब्ध रहते हुए जनता की सेवा में सदैव ही तत्पर रहूंगा।

विदित हो कि विधानसभा चुनाव प्रचार अब अंतिम चरण में है। ऐसे में आज 14 नवंबर को भाजपा के स्टार प्रचारक केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सक्ती पहुंचकर एक बड़े जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी को बहुमत से जीत दिलाकर विधायक बनाने की अपील की है। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, श्रीमती विद्या सिदार, रामावतार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, रमेश सिंघानिया चूड़ामणि राठौर, सिद्धेश्वरी सिंह, रामनरेश यादव, संजय रामचंद्र, अंकित अग्रवाल, अमन डालमिया पिंटू यादव प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर अभिषेक गोलू शर्मा आदि विशेष रूप से मंचासीन रहे।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य ए. डी. अंचल ने बताया कि मतदान दिवस में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान के माध्यम से ही हम अपने अधिकार को प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए हमें स्वयं प्रेरित होकर मतदान करना आवश्यक है।

अभियान के दौरान ग्राम भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मीर कंठ साहू, दयालु दास मानिकपुरी, ज्योति सिंह, जय सिंह मरकाम, बलदाऊ प्रसाद साहू, के. पी. डाहिरे सहित छात्र गण उपस्थित रहे। बता दें कि जिले में विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में विभिन्न माध्यमों से प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में जागरूकता अभियान चलाया गया।

प्रत्याशियों की हर गतिविधि पर निर्वाचन आयोग की पैनी नजर

मुंगेली/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की हर गतिविधियों पर निर्वाचन आयोग की पैनी नजर है। प्रत्याशी किससे मिल रहे है, कहां जा रहे हैं और कितने सभाएं कर रहे हैं। आदि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इस बार चुनाव में सोशल मीडिया प्रचार-प्रसार का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। इस पर चुनाव प्रचार के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर चल रहा है। कई प्रत्याशियों के समर्थक मर्यादा लांघकर आरोप लगा रहे है।

आयोग की सोशल मीडिया की टीम सोशल मीडिया की निगरानी कर रही है। आरोप-प्रत्यारोप करने वालों और उस पर बात करने वालों की रिपोर्ट बन रही है। आयोग की टीम ने सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए भी एक टीम बनाई है, जो कि वाट्सएप, फेसबुक और ट्वीटर आदि पर नजर रखे हुए है। प्रदेश में दूसरे चरण के मतदान को दो दिन भर का समय शेष बचा है। आने वाले दिनों में राजनीतिक हलचल और ज्यादा तेज होने की संभावना है। चुनाव की तिथि करीब आते ही प्रत्याशियों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इनके साथ ही आयोग ने भी निगरानी तेज कर दी है।

हार के डर से की संभाग बनाने की घोषणा

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी से बैकुंठपुर प्रत्याशी भैयालाल राजवाड़े ने आज भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया को संभाग बनाने की घोषणा की हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने इसे घोषणा पत्र में शामिल क्यों नही किया। सीधी बात है की कोरिया में कांग्रेस की हार के डर से मुख्यमंत्री ने संभाग की घोषणा की है भाजपा प्रत्याशी भैया लाल राजवाड़े ने कहा कि जब कोरिया जिले के विभाजन के मुद्दे को लेकर शहर के लोग आंदोलन कर रहे थे और मुख्यमंत्री से संभाग बनाने की मांग की थी, तब उन्होंने साफ कह दिया था कि कोरिया को संभाग नहीं बनाया जा सकता हमारे पास स्टाफ की बेहद कमी है। उन्होंने कहा कि कोरिया जिले को संभाग जरूर बनाए उन्होंने कहा कि जिला का बंटवारा इतना संतुलित किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने कोई भी हस्तक्षेप नहीं किया बैकुंठपुर विधायक ने भी जिले के असंतुलित विभाजन के लिए कोई प्रयास नहीं किया। आज बचरा पोड़ी के लोग अधर में लटके हैं।

राजस्व के लिए कोरिया और ग्राम पंचायत तथा थानों के काम के लिए उन्हें 80 किलोमीटर दूर मनेंद्रगढ जाना पड़ता है। भैया लाल राजवाड़े ने कहा कि आज चुनाव में स्थानीय विधायक अंबिका सिंहदेव जहां भी जाती है उन्हें ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ता है क्योंकि उन्होंने 5 साल किसी भी गांव में अपना चेहरा नहीं दिखाया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक ने सिर्फ कमीशन लेने पर ही ध्यान दिया है। आज स्थिति यह है कि विधायक या उनकी बहन जहां भी वोट मांगने जा रहे हैं, उन्हें गांव वालों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए संभाग बनाने की घोषणा तो कर दी है, लेकिन जिले का जो विभाजन हुआ उसमें भी स्ध्क्क अभी तरह पूरी तरह विकसित जिला नहीं हो पाया है। आज भी कोरिया जिले से कई कार्यालय संचालित हो रहे हैं उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1500 देने की जो घोषणा की गई थी, वह घोषणा पत्र में शामिल क्यों नहीं किया गया। सीधी बात है कि हार के डर से अब लुभावने वादे मुख्यमंत्री कर रहे हैं। लेकिन ये वादे जब घोषणा पत्र में शामिल नहीं है तो जनता इनकी बातों का विश्वास कैसे कर सकती है। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदी कर 10 में घटिया वर्मी कंपोस्ट खाद किसानों को खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भैया लाल राजवाड़े सहज, सरल, उपलब्ध रहते हैं, लोगों की मदद करते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यहां की जनता अंबिका सिंहदेव की एक भी उपलब्धि नहीं बता सकती। प्रेस वार्ता के दौरान भानु पाल, पंकज गुप्ता, राजेश साहू, विमल कांत गुप्ता, कुबेर साहू सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे।

अनुराग ठाकुर आज बेरला में

बेरला/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत बेरला में भाजपा प्रत्याशी दीपेश साहू के पक्ष में प्रचार करने के लिए खेल सूचना

एवं प्रशासन केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का बुधवार 15 नवम्बर को पुराना बाजार चौक बेरला में आगमन होने वाला है। वे दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे।

रंगोली बनाकर, दीप जलाकर किया मतदाताओं को जागरूक

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत मुख्यालयों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अंतर्गत ''दीपोत्सव÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गौरा-गौरी की पूजा कर निकाली शोभायात्रा

0 ादवाला का रात होता है गौरा गौरी का विवाह

बेरला/नवप्रदेश। गोंड़ समाज द्वारा दिवाली की रात गौरा- गोरी उत्सव मनाने की परंपरा है। इस बार भी मटिया-बारगांव में रविवार रात गौरी गौरा का विवाह उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गौरा की बारात बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी कर निकाली गई। रातभर गौरा चौरा में विवाह की रस्म निभाने के बाद गौरा-गौरी को शोभायात्रा निकाल कर विदाई दी गई। आदिवासी समाज द्वारा गौरा-गौरी विवाह के साथ ही मूर्ति विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आदिवासी समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी भगवान के

विवाह के साक्षी बने। ब्रमबाबा मोहल्ला में विगत कई वर्षों से गौरा-गौरी लोक संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। आदिवासी समाज द्वारा धनतेरस के दिन फूलरस्म व तालाब से मिटटी लाकर अलग अलग दो स्थानों में गौरा-माता गौरी की प्रतिमा बनाई गई। दिवाली की रात बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी कर गौरा का बारात गौरी के घर पहुंची। जहां गौरी-गौरा का विवाह कराया गया। लोग पूरी रात कार्यक्रम कर सुवा करते रहे। मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ बाजे गाजे के साथ गौरा-गौरी प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली। आदिवासी समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सरोज ध्रुव, रामबाई, गजरा ध्रुव, मोंगरा, अर्चना, तीजन ध्रुव, त्रिवेणी ध्रुव, दुलारी, वेदी ध्रुव, विमला ध्रुव, मनोहर पाटिल, भारत साहू, तिहारु निषाद, सनत पटेल, सुशील ध्रुव, गिरवर ध्रुव, मुकेश ध्रुव, चुम्मन ध्रुव सहित अन्य समाज के लोग मौजूद थे।

सोंटा खाने व पीठ से पार कराने से सभी कष्ट होते हैं दूर

सोटा अपने हाथ में मारने व जिनके द्वारा गौरा-गौरी अपने सर पर रखे हुए है उनके कदमों के नीचे लेटने की परंपरा है। लोगों का मानना है कि जो लोग यह करते है उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं, इसीलिए वहां पर सोटा से मार खाने की लोगों में उत्सुक रहते हैं। हालांकि कुछ लोग इसे अंधविश्वास कहते हैं लेकिन यह परंपरा वर्षों से अपने पुराने समय से चली आ रही है।

सरकार बनी तो कोरिया-रायगढ़ को बनाएंगे संभाग : भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य में एक बार पुनः कांग्रेस की सरकार बनी तो कोरिया और रायगढ़ को संभाग बनाया जाएगा। उक्त बातें उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। श्री बघेल

कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव के पक्ष में प्रचार करते सीएम भूपेश बघेल केल्हारी से लगभग 100 किमी की सड़क यात्रा कर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंच पर आते ही कहा, इस बार दिवाली खास है। लोकतंत्र का महोत्सव है। आपको 17 नवंबर को मतदान करना है। हम अपनी बात रखने आए है। हमारे नेता राहुल गांधी ने वादा किया वो हमने किया। पिछले 15 साल ठगने का काम बीजेपी सरकार करती आई। हर खरीदी में कमीशनखोरी हुई। हमने 2 घंटे के भीतर कर्जा माफ किया। हम फॉर्म नहीं भरवाएंगे, गृह लक्ष्मी योजना के तहत 15000 रुपये प्रतिवर्ष हर महिला को उनके खाते में देंगे। चाहे वो परित्यक्ता हो अविवाहित हो विवाहित हो सभी को देंगे। किसानों, महिला समूहों और ट्रांसपोटरों का कर्जा माफ करेंगे। उन्होंने पिछले 5 साल की योजनाओं के बारे में बताया। बघेल ने कहा, शिक्षा मुफ्त, बिजली मुफ्त, इलाज मुफ्त, गैस सिलेंडर सस्ताज सभी के लिए योजना लेकर आ रहे हैं। अब बीजेपी फॉर्म भरवा रही है। बीजेपी भी गारंटी लेकर आई है। रमन सिंह की चली नहीं और बीजेपी की भी नहीं चली तो अब पीएम मोदी गारंटी लेकर आए हैं।

मतदान दिवस और मतदान के एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान दिवस और उसके एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए द्वितीय चरण के मतदान के एक दिन पहले तथा मतदान दिवस यानि 16 नवम्बर और 17 नवम्बर को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्य स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जरूरी है।

मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

दूसरे चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में आज थमेगा प्रचार

- **70 विधानसभा सीटों में 958 अभ्यर्थी मैदान में, एक तृतीय लिंग प्रत्याशी भी शामिल**

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निवार्चन-2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए बुधवार 15 नवम्बर को शाम पांच बजे तक प्रचार-प्रसार का शोर थम जाएगा। मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं।

द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के एक करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष मतदाता, 81 लाख 72 हजार 171 महिला मतदाता तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 700 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में 17 नवम्बर को 70 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इसके लिए सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। केवल बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नौ मतदान केंद्रों कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़े गोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इनके अलावा बिन्द्रानवागढ़ के शेष मतदान केंद्रों में अन्य 69 विधानसभा क्षेत्रों की तरह सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे।

विधानसभा आम निर्वाचन के लिए दूसरे चरण में भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, प्रेमनगर, भटगांव, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अम्बिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, रायगढ़, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, मरवाही, कोटा, लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, बिल्हा, बिलासपुर, बेलतरा, मस्तूरी, अकलतरा, जांजगीर-चांपा, सक्ती, चंद्रपुर, जैजैपुर, पामगढ़, सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे।

भाजपा का आना और 30 टका वाले कक्का का जाना तय : मोदी

महासमुंद/ रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को महासमुंद में विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार का आना और 30 टका वाले कक्का का जाना तय है। कांग्रेस ने ढाई ढाई साल का एग्रीमेंट किया था। भूपेश बघेल ने लूट के पैसों से आलाकमान से सौदा कर ढाई साल और खरीद लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भूपेश बघेल के नाते रिश्तेदार ने सुपर सीएम बनकर छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया। छत्तीसगढ़ के लोग ऐसे भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाएंगे।

गरीबों का आवास छीन लिया

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब विरोधी कांग्रेस सरकार ने गरीबों का पक्का मकान छीन लिया। भाजपा ने देश के गरीबों को 4 करोड़ मकान दिए। कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों को मकान नहीं मिलने दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचारी अफ़सर जेल में बंद हैं और उन्हें जमानत तक नहीं मिल रही है। ये सिर्फ भ्रष्टाचार का मामला नहीं है। बहुत बड़ा अपराध

भूपेश का हारना तय

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुद चुनाव हार रहे हैं। पहले चरण के मतदान में कांग्रेस का जाना तय हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ बनाया है, भाजपा ही संवारेगी। केंद्र की योजनाओं को कांग्रेस की सरकार ने रोका और छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र की योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिलने दिया। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा। राज्य की जनता को भाजपा ने जो गारंटी दी है वो पूरी होगी। ये मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकल फॉर वोकल का असर दिखा। लोग आज स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीद रहे हैं। गांव , राज्य और देश का पैसा देश में ही रह रहा है।कांग्रेस के एक भी नेता ने इस बारे में एक शब्द भी नहीं कहा होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरा साथ दीजिए। मैं छत्तीसगढ़ को ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।

घर घर जाकर मेरा प्रणाम, जोहार और राम राम कहना।

इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी, रायपुर सांसद सुनील सोनी, महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंत्री एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर, भाजपा खल्लारी प्रत्याशी अलका चंद्राकर, सरायपाली प्रत्याशी सरला कोसरिया, बसना प्रत्याशी संपत अग्रवाल एवं महासमुंद प्रत्याशी योगेश्वर राजू सिन्हा, आरंग प्रत्याशी खुशवंत साहेब, राजिम प्रत्याशी रोहित साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा, पूनम चंद्राकर सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन जिला अध्यक्ष श्रीमती रूप कुमारी चौधरी ने किया।

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने पीएससी में घोटाला करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। अगर कांग्रेस को रोका नहीं गया तो इनके हौसले और बढ़ जायेंगे। पीएससी को कांग्रेस का अड्डा बना देंगे। लोग कहने लगे हैं कि इन्होंने छत्तीसगढ़ से लूटकर दिल्ली में अपने आकाओं को भेजा है।

कांग्रेस ने सबको ठगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सभी को ठगा है। ओबीसी समाज को कभी भी सैवैधानिक दर्जा नहीं दिया। आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ सेवाओं का बुरा हाल था। भाजपा ने पोषण आहार अभियान चलाया और राशन, चना मुफ्त में दे रहे हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग में भाजपा द्वारा महतारी वंदन योजना के नाम पर फर्जी फार्म भरवाने की कोरिया कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उल्लेख है कि विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महिला मतदाताओं को भ्रमित करने एवं प्रलोभन देकर वोट लेने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं से फर्जी फार्म भरवाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के घोषणा पत्र के महतारी वंदन योजना के तहत् पंजीयन हेतु अभी से घर-घर जाकर फार्म भरवाने का क्रम शुरू कर दिया गया है, जो कि पूरी तरह से अवैध एवं फर्जी है तथा आदर्श अंचार संहिता का खुला उल्लंघन है। जहा मतदाताओं को सीधे प्रलोभन देने के लिए चलाए जा रहे भारतीय जनता पार्टी के अभियान को तत्काल रोकने बाबत निवेदन किया गया है ।वही जिला अध्यक्ष कोरिया द्वारा बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुण्ठपुर कोरिया जिले के विभिन्न इलाकों से शिकायतें मिली हैं कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'महतारी वंदन योजना का पंजीयन फॉर्म भरवाया जा रहा है। इस फॉर्म में महिला मतदाता का नाम, पता सहित सभी व्यक्तिगत जानकारियां भरवाई जा रही इस पंजीयन फॉर्म में प्रधानमंत्री की तस्वीर सहित यह कहा जा रहा है कि इस फॉर्म को भरने से परिवार की महिलाओं को 1,000 रुपए प्रति माह और सालाना 12,000 रुपए देने का प्रलोभन दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के प्रावधानों की धारा 123 की उपधारा (अ) रिश्वत में जो दिशा निर्देश हैं उसके तहत मतदाता को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है। इस अभियान के जरिए भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट रूप से मतदान करने पर हर परिवार की महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए देने का प्रलोभन दे रही है। चूंकि इसकी शिकायतें अलग अलग क्षेत्रों से आई हैं इससे स्पष्ट हैं कि यह अभियान पूरी विधानसभा में चल रहा है। इस अभियान के फॉर्म को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से सोशल मीडिया पर भी प्रचारित किया जा रहा है। इसके लिए बाकायदा अखबारों में विज्ञापन देकर फॉर्म भी प्रकाशित किए गए हैं।

जहा निर्वाचन अधिकारी से भारतीय जनता पार्टी को आयोग की ओर से तत्काल निर्देश दिए जाएं कि वे इस अभियान को रोके ताकि जिले के मतदाता बिना प्रलोभन मतदान कर सके ।

घोटालों से कांग्रेस का मुंह और हाथ दोनों काला : राजनाथ सिंह!

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार करने कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के भरतपुर सोनहत विधानसभा अंतर्गत सलगवा ग्राम पंचायत में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। राजनाथ ने कहा कि ये घोटालों की सरकार है । इस सरकार ने पीएससी परीक्षा तक में भ्रष्टाचार किया जब हमारी सरकार बनेगी तो इन घोटालेबाजों की जगह जेल में होगी यहाँ 30 टका ऊपर व शेष में लूट मची है शराब घोटाला ,राशन घोटाला व मुख्य कोयला घोटाला है जहा कांग्रेस के नेताओं का चरित्र इतना गंदा है कि इनके चेहरे और मुंह दोनों कोयले के घोटाले में काले हो चुके हैं ।

भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट से बीजेपी के प्रत्याशी रेणुका सिंह के प्रचार के लिए राजनाथ सिंह पहुंचे. अपने चुटीले अंदाज में राजनाथ सिंह ने कहा कि इस स्थान पर पहली बार सभा पे यहाँ में आया हु जहा मै प्रत्याशी के लिए आया हु यहाँ जो वो बोलती है इससे अच्छा देश की सांसद में बोलती है इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के उद्देश्य से यहाँ प्रत्याशी बनाया गया है पाँच राज्यों में चुनाव चल रहा जहां राज्य में दूसरे चरण का यहाँ चल रहा। पहले चरण में हुए 20 सीट पर हुए चुनाव में दो तिहाई बहुमत मिला है यहाँ भी भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल रही। अटल जी ने 23 वर्ष पूर्व राज्य का गठन किया था। 15 वर्ष तक भाजपा की सरकार थी। पाँच वर्ष कांग्रेस की सरकार रही।

बड़ी संख्या में महिलाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

भिलाई/नवप्रदेश। प्रदेश में छत्तीसगढ़ गृहलक्ष्मी योजना की घोषणा के साथ ही दुर्ग समेत सभी विधानसभाओं में कांग्रेस और भी अधिक मजबूती प्राप्त कर रही है। सोमवार को युवा नेता हर्ष मेश्राम के नेतृत्व में हजारों महिलाओं व 300 से अधिक युवाओं ने वोरा निवास पहुंचकर कांग्रेस की सदस्यता लेते हुए वोरा पर विश्वास जताया। इस दौरान वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि इस शहर से उनका रिश्ता विधायक के रूप में रही बल्कि बेटे के रूप में है। बाबूजी द्वारा सर्व समाज के साथ बनाए गए पारिवारिक संबंध जीवन पर्यंत कायम रहेंगे जिसका नतीजा है कि हमेशा ही शहर वासियों ने उन्हें पालकों की तरह स्नेह प्रेम एवं

आशीर्वाद दिया है। कांग्रेस पार्टी ही अपने वादों को पूरा कर सकती है । आज कई राज्यों में भाजपा की सरकार है लेकिन सर्वहारा वर्ग की खुशहाली केवल कांग्रेस शासित प्रदेशों में है। 15 साल तक बोनस के नाम पर धोखा देने और महज 1345 रु में धान खरीदने वाली भाजपा आज भूपेश सरकार की योजनाओं से घबराकर 3100 रु में धान खरीदी का वादा कर रही है प्रदेश की जनता भली भांति जानती है कि 15 लाख रु किन किन के खातों में आए, नोटबंदी से क्या हासिल हुआ। यह प्रदेश साम्प्रदायिक सौहाद्र और शांति का टापू है यहां जुमलों का कोई पूछने वाला नहीं । कांग्रेस की भरोसे की सरकार है और लगातार उपचुनावों में जीत इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पर लगातार भरोसा बढ़ रहा है।

गृह लक्ष्मी योजना की घोषणा कांग्रेस की हताशा का परिचायक : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और लोरमी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण साव ने गृह लक्ष्मी योजना को लेकर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आनन-फानन में की गई घोषणा बताती है कि भाजपा पर छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों और बेटियों के बढ़ते भरोसे से वे घबरा गए हैं और उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। श्री साव ने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद मुख्यमंत्री बघेल की माता-बहनों के लिए की गई घोषणा से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस हार मान चुकी है और हार की हताशा में इस प्रकार की घोषणा की गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माता और बहनों को मुख्यमंत्री बघेल ने 5 साल केवल और केवल ठगने का काम किया है, धोखा देने का काम किया है; चाहे शराबबंदी के वादे का हो या महिला स्व सहायता समूह के बहनों को बेरोजगार करने का मामला हो या विधवा बहनों को धोखा देने का मामला हो, लगातार माता-बहनों को धोखा देने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है और अब चुनाव के प्रथम चरण के बाद इस प्रकार की घोषणा बताता है कि कांग्रेस ने हार मान ली है और फिर से छत्तीसगढ़ की माता-बहनों को धोखा देने के लिए इस तरह की घोषणा की है। श्री साव ने कहा कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार चाहे जितनी फर्जी घोषणाएँ कर ले, लेकिन छत्तीसगढ़ की माताएँ-बहनें तय कर चुकी हैं राज्य से भूपेश बघेल की सरकार से छुटकारा पाने का और कमल खिलाने का। ऐन मतदान से कुछ चार-पाँच दिन पहले की गई इस गृह लक्ष्मी योजना का निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

सियासत

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा : 5 साल के बाद मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ की जनता कह रही है- भाग, भूपेश भाग, बहुत हुआ सट्टे का खेल, बाय-बाय भूपेश बघेल

कांग्रेस की गारंटियां फेल, कांग्रेस फेल, सीएम बघेल भी फेल : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा मामले तथा खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि झूठी कांग्रेस की झूठी गारंटी का आलम यह है कि छत्तीसगढ़ से लेकर कर्नाटक और हिमाचल तक कांग्रेस की तमाम गारंटियाँ फेल हुई हैं। जिनकी खुद की कोई नहीं गारंटी, वह गारंटियों का पुलिंदा लेकर घूम रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य तो हमने बना दिया था। 15 सालों में उसको आगे बढ़ाने का काम भाजपा की सरकार ने किया लेकिन उसको चौपट करने का काम भूपेश सरकार ने किया। अब एक समय फिर आया है कि वापस हम इस छत्तीसगढ़ को सँवारेंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि झूठे दावे, झूठे वादे, कांग्रेस के नहीं नेक इरादे। कांग्रेस के 2018 के झूठे वादे और अधूरे वादे उनको आपको बताने आया। आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड रखने और घोटालों की जाँच से भाग रहे हैं। आज 5 साल बाद मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ की जनता कह रही है- भाग भूपेश भाग, और कितना भागोगे? जनता कह रही है- बहुत हुआ सट्टे का खेल, बाय-बाय भूपेश बघेल। श्री ठाकुर ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने वादा किया था कि महतारी सम्मान योजना में मातृशक्ति को 500 रुपए हर महीना देंगे पर नहीं दिया। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को चार रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त में देने का वादा करके नहीं दिया। पूर्ण

शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन शराबबंदी नहीं की उल्टे घर-घर शराब पहुँचाई। कांग्रेस ने वादा किया था कि 10 लाख युवाओं को हर माह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन नहीं दिया। लाखों युवाओं को रोजगार देंगे, पर नहीं दिया। इसके बदले पीएससी स्कैम दिया, कांग्रेस नेताओं के परिवार के ही तीन-तीन लोगों को रोजगार मिला लेकिन छत्तीसगढ़ के नौजवानों को रोजगार नहीं मिला। कांग्रेस का वादा था कि छात्र-छात्राओं को मुफ्त परिवहन की सुविधा देंगे, पर नहीं दी। कांग्रेस ने वादा किया था कि प्रत्येक पाँच सदस्यीय भूमिहीन ग्रामीण परिवार को घर और बाड़ी के लिए जमीन देंगे, पर नहीं दी। श्री ठाकुर ने कहा कि 50 हजार शिक्षकों की रिक्त पदों पर भर्तियाँ पाँच साल में नहीं की। भाजपा शासनकाल के दो साल के बकाया बोनस देने का वादा भी कांग्रेस ने पूरा नहीं किया। यहाँ गौठान घोटाला हुआ, गोबर घोटाला हुआ। अब गौमाता, गंगा मैया, महादेव का श्राप, कांग्रेस साफ। छत्तीसगढ़ अकेला ऐसा राज्य नहीं है, जहाँ कांग्रेस ने झूठे वादे किए। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी कांग्रेस के भाई-बहन झूठे वादे करके आए हैं। अब 11 माह से राहुल गांधी हिमाचल प्रदेश में मुँह दिखाने नहीं गए।

केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 20 लाख रुपए का मुफ्त इलाज नहीं मिला, सबको मकान देने की बात की, 200 फूड प्रोसेसिंग युनिट नहीं लगे, वृद्धजनों को 1500 रुपए पेंशन नहीं मिली। कांग्रेस की गारंटी की ऐसी लंबी सूची है। ये सारी गारंटियाँ फेल होती दिख रही है। यह विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को झूठे वादों और झूठी गारंटियों से बचाने का चुनाव है। श्री ठाकुर ने कहा कि महादेव एप घोटाले के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल मुँह छिपाते घूम रहे हैं। घोटाला करो, भू-पे करो पैसे कमाओ। पाँच साल तक तो सट्टा चलता रहा, मुख्यमंत्री कार्यालय संरक्षण देता रहा क्योंकि भू-पे हो रहा था 508 करोड़ रुपए।

न्यूज गैलरी

महिलाओं को मिलेगा हर साल 15 रुपए

भिलाई/नवप्रदेश। अगर राज्य में कांग्रेस की सत्ता बरकरार रही तो महिलाओं को हर साल 15000 रुपए मिलेंगे। छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना महिलाओं के खातों में हर साल 15000 रुपए न फॉर्म भरने का झंझट और ना लाइन लगने की परेशानी। यह बातें देवेन्द्र यादव ने मंगलवार 14 नवंबर को कही। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की फिर सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत महिलाओं के खातों में हर साल 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा मेरी माताओं-बहनों आज देवारी (दिवाली) के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ में माता लक्ष्मी की असीम कृपा बनी रहे। मेरा छत्तीसगढ़ अमीर हो, हम गरीबी के अभिशाप को मिटा सके इस संकल्प के साथ हमारी सरकार ने पांच साल काम किया है।

भरदालोधी और देऊरगांव के लोग कांग्रेस में शामिल

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। सोमवार 13 नवंबर को मोहभाठा में बड़े महराज पूर्व विधायक प्रदीप चौबे एवं मंत्री रविन्द्र चौबे के समक्ष ग्राम भरदालोधी से रमेश यादव, नितेश ठाकुर, रघुवीर, दुर्गेश शौरी, रोहित, राहुल, ईश्वरीय, धनेश्वर एवं देऊरगांव से राजेश पटेल, किशन पटेल, मुकेश पटेल, महेश पटेल, चन्दु मरकाम, बल्लु यादव, पवन लोधी सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस में प्रवेश किया।

निर्वाचन में लगे कर्मचारी डाक मतपत्र से कर रहे मतदान

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा सामान्य निर्वाचन- 2023 की तैयारियों को जहां अंतिम रूप दिया जा रहा हैं, वहीं निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने 9 नवंबर से प्रशिक्षण केन्द्रों में बने सुविधा केंद्रों पर अपना वोट डालना शुरू कर दिए हैं। विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान कर सकेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्टेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया हैं। पहले दिन 9 नवंबर को जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में और प्रशिक्षण सुविधा केंद्र में 1034 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया। जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में 767 कर्मियों ने अपने मताधिकार का डाक मत पत्र के माध्यम से प्रयोग किया। विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3395 अधिकारी कर्मचारी ने निर्धारित प्रारूप में डाक मत पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इनमें से 10 नवंबर तक 1801 मतदान मतदान किया है, 11 नवंबर को 702 अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान किया । आज 13 नवम्बर को 190 कर्मियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया। इस तरह अब तक कुल 2693 निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण : कलेक्टर छिकारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में मतदान केंद्रों में अब तक की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सभी अंतिम तैयारियों को पूर्ण करते हुए जिले में सफ्लतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया एवं शौचालय आदि की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की सुविधा, संगवारी बूथ, युवा एवं दिव्यांग पोलिंग बूथ में भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले के 287 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से रिकॉर्डिंग कर वेबकास्टिंग की जाएगी। इनमे राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 137 और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 150 केंद्र शामिल है। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के लिए निर्बाध नेटवर्क और पावर बैकअप की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, रिटर्निंग अधिकारी राजिम श्री धनंजय नेताम, रिटर्निंग अधिकारी बिंद्रानवागढ़ सुश्री अर्पिता पाठक सहित सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। मतदान पूर्व अंतिम तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा कि महिलाओं द्वारा संचालित संगवारी बूथ में मतदान की सभी व्यवस्थाएं सहित बिजली, पानी, रैंप आदि की सुविधा क्रियाशील रहे। इसी प्रकार आदर्श मतदान केंद्र में सेल्फी जोन, युवाओं द्वारा संचालित केंद्र एवं दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी द्वारा संचालित मतदान केंद्र में भी सभी अंतिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांगो के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था करने को कहा, जिससे दिव्यांगजनो को मतदान करने में असुविधा न हो। साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। सहायता केंद्र में बीएलओ अल्फाबेटिकल ऑर्डर पर आधारित मतदाता सूची रखेंगे, जिससे मतदाताओं का नाम अल्फाबेटिकल आधार पर खोजा जा सके। कलेक्टर ने बैठक में मतदान दलों के ठहरने की भी सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिए।

भाजपा ने पेंड्रा की उपेक्षा की, जिला हमने बनाया : सीएम बघेल

पेंड्रा/जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। नवप्रदेश। मंगलवार 14 नवंबर को मरवाही व कोटा पहुंचे सीएम भूपेश बघेल। कोटमी में कहा कि क्षेत्र से की जा रही मांग को हमने पूरा किया। इसे जिला बना कर पूरा किया। अब आगे और विकास के लिए केके ध्रुव का समर्थन कीजिए। उन्होंने आक्रामक अंदाज में कहा कि रमन सिंह ने इसे 15 साल तक जिला नहीं बनाया,भाजपा ने 15 साल नान में लूट, खदान लुटा, नसबंदी कांड, ऑखफोड़वा कांड, चप्पल के नाम पर घोटाला तक में गोलमाल किया। बिना कमीशनखोरी के उस सरकार में कोई काम नहीं हुआ। भाजपा ने धान खरीदी को 15 क्विंटल की जगह 10 क्विंटल कर दिया था। हमने 15 क्विंटल को अब 20 क्विंटल कर दिया है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, वो लबारी का काम कर रहे, अपने रायपुर के दौरे में उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ का धान हम खरीदते हैं कहा। अगर वो धान को यहां से इस दाम में खरीद रहे तो, बनारस में 1200 रुपये क्विंटल क्यों खरीद रहे। सीएम ने कहा कि हम पहले चरण में 19 सीटें जीत रहे हैं. जनता से अपील करते हुए कहा कि आपको मुझ पर भरोसा है और मुझे के के ध्रुव व अटल श्रीवास्तव पर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करने के दौरान कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के साथ ही हम द्वितीय चरण के चुनाव में एक तरफा जीत हासिल कर रहे हैं। वहीं भाजपा पर तंज कसते हुए बघेल ने कहा कि भाजपा सिर्फ राम के नाम पर वोट मांगने का काम कर रही है जबकि कांग्रेस पार्टी के दिल में राम बसते हैं। हमारी राम के प्रति आस्था है छग के भांजा राम हैं। महादेव सट्टा को लेकर बीजेपी पर एक बार फिर भूपेश बघेल ने पलटवार किया और कहा कि बीजेपी ही उन्हें बचाने का काम कर रही है यह बीजेपी की ही पूरी स्टोरी है।

सभी तकनीकी कालेजों में निःशुल्क पढ़ाई का वादाः भूपेश बघेल

मंगलवार को जांजगीर-चाम्पा विधानसभा सीट के चांपा के भालेराव मैदान में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली बार आपसे जो वादे किए थे उसे हमने पूरा किया। इस बार भी आप सरकार बनवाइए हम पिछली बार की तरह फिर कर्जा माफ करेंगे। अब केवल किसानों का कर्जा भर माफ नहीं होगा बल्कि प्रदेश में स्व सहायता समूह में काम करने वाली महिलाओं का कर्जा, ट्रांसपोर्टरों का 2018 के पहले का टैक्स माफ होगा। इसके अलावा 200 यूनिट तक की बिजली बिल फ्री दिया जाएगा। इस योजना से 80 से 90 प्रतिशत उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। 500 रुपए में गैस रिफिलिंग कराने वाली महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। इस बार प्रदेश की नई कांग्रेस सरकार देश में सबसे ज्यादा 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। प्रदेश के लगभग 6000 हजार हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद की तर्ज पर उन्नयन किया जाएगा। साथ प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल, इंजीनियरिंग, पालिटेक्निक, एग्रीकल्चर सहित सभी कालेजों में सभी वर्ग के छात्रों की निःशुल्क पढ़ाई होगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी की क्या गारंटी है? उन्होंने कहा था 15-15 लाख रुपए सबके खाते में आएंगे, आए क्या। उल्टा जनधन खाता खुलवाने के लिए लोगों को 500-500 रुपए जमा कराने पड़े थे। नोटबंदी के बाद कालाधन खत्म हो जाएगा। पीएम मोदी हमेशा झूठ बोलते हैं, उनका भरोसा मत करना। कांग्रेस और भूपेश के वादों और गारंटी पर भरोसा करना और कांग्रेस की सरकार बनाना। सीएम बघेल ने मंच से नई सरकार बनने के बाद चांपा में ककून बैंक, सलखन में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डा चरणदास महंत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद ही छत्तीसगढ़ महतारी की फोटो शासकीय कार्यालयों में ससम्मान लगाया जा रहा। छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत अरपा पैरी के धार को अपनी नई पहचान मिली है। प्रदेश में नई सरकार बनने के कुछ घंटों बाद ही किसानों के कर्ज माफ किए गए। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार भरोसे की सरकार है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह कर प्रदेश में फिर से कांग्रेस प्रत्याशी को जीता कर सरकार बनाने की अपील की।

हर्षोल्लास से मनाई गई दिवाली, बाजारों में रही रौनक

नवागढ़/नवप्रदेश। दीपावली नवागढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाई गई। लोगों ने अपने-अपने घरों को आकर्षक रूप से सजाया फिर लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर धन-वैभव एवं सुख समृद्धि की कामना की। प्रकाश पर्व को लेकर बाजारों में सुबह से ही काफी रौनक दिखी और लोग दीप, मोमबत्ती, पूजन सामाग्री, फूल-माला और घरों को सजाने की सामग्री खरीदने में मशगूल दिखे। सबसे अधिक उत्साह बच्चों में था जिन्हें अपने अपने अभिभावकों के साथ पटाखे एवं खिलौनों की खरीददारी करते हुए देखा गया। इसके अलावे घर की बच्चियों ने भी अपने अपने घरों के दरवाजों को आकर्षक रूप से रंगोलियों से सजाया।अधिकांश घरों में पारम्परिक दीप के साथ-साथ इलेक्ट्रिक डेकोरेशन भी देखने को मिला। शाम होते ही आतिशबाजियों का दौर शुरु हुआ जो देर रात तक जारी रहा। स्थानीय प्रशासन ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी था। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे।

निकली गौरी-गौरा : लक्ष्मी पूजा के दूसरे दिन गौरा-गौरी के विवाह का उत्सव मनाया गया। लोगों ने धूमधाम से गौरा-गौरी की बारात निकाली। शहर के सुकुल पारा, दर्री पारा, बावली पारा, शंकर नगर आदि स्थान पर गौरा-गौरी बैठाए गए। सुकुल पारा में मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी लाने की प्रथम पूजा एवं परघाने का रिवाज गांव के मालगुजार के यहां किया गया। पारंपरिक गड़वा बाजे-गाजे पर युवा थिरकते रहे।

शांति के साथ सबका साथ सबका विकास में करते हैं विश्वास: रविंद्र चौबे

बिरनपुर के दंगे गहरी साजिश, विपक्ष कर रहा जाति व धर्म की गंदी राजनीति

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। हम शांति के साथ सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखते हैं। जिसको क्षेत्र की जनता व प्रदेशवासियों ने इन बीते पांच सालों में देख व समझ लिया है। कोई उन्हें बरगला व बहका नहीं सकता। यह बातें कांग्रेस प्रत्याशी व मंत्री रविंद्र चौबे ने सोमवार 13 नवंबर को साजा के पुराने बाजार चौक में कांग्रेस की आमसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से हमारा जुड़ाव वर्षों पुराना है, इन 50 सालों के विश्वास को कोई विपक्षी दल नहीं तोड़ सकता है। क्षेत्र की जनता ही उनका परिवार है, इस रिश्ता को तोड़ने की नापाक कोशिशें की जारी रही है। इसमें वे कभी सफल नहीं हो पाएंगे। श्री चौबे के बोलने की बारी आते ही लोगों ने उनके जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि धान 3200 में खरीद कर आर्थिक बोझ कम करने के भूपेश बघेल के वादे पर शक नहीं करना, इसके अलावा प्रत्येक महिलाओं को 15 हजार रुपए सालाना, सिलेंडर की कीमत 500 रुपए, धान की कीमत में प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी करने की घोषणा से उपस्थित जन समुदाय के भीड़ के साथ ही महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान झलक रही थी। विपक्ष पर हमला बोलते हुए श्री चौबे ने कहा कि केंद्र से लेकर राज्य तक के नेताओं को झूठ बोलने की आदत सी हैं। इन्होंने जनता को मूर्ख बनाने का ही कार्य किया है, इनके द्वारा जातिवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। उनके क्षेत्रवासी भाई बहन माता इनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने देंगे। हम शांतिप्रिय है हमें बिरनपुर में हुए दंगे का बड़ा अफसोस है जो नहीं होना था वो दुर्भाग्यवश हुआ है, लेकिन इस कांड के पीछे के चेहरे को जनता जान गई है, इनके द्वारा किए गए दुष्प्रचार और दुष्कार्यो का इस चुनाव में कराराजवाब मिलेगा। इस आमसभा में पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, युवा नेता अविनाश चौबे, कृषि मंडी अध्यक्ष पुन्नीलाल पटेल, ब्लाक अध्यक्ष संतोष वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा, हेमंत साहू, खेलन बघेल, रामजी साहू, देवीलाल पटेल, राजेंद्र दुबे, उमाशंकर राजपूत, श्याम सुंदर वर्मा, जागेश पटेल, संदीप चौबे, जनार्दन सिंह, बंटी जैन, कृष्णा राठी, ओम वर्मा, प्रकाश चौबे सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

दस्तावेजों में हेर फेर कर जमीन बेची, गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थिया श्रीमती जागृति सिंह राजपूत उम्र 34 साल निवासी करमतरा थाना दाढी जिला बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत की जांच एवं दस्तावेजो के आधार पर प्रार्थिया को आरोपी मुरली मनोहर सिंह राजपूत निवासी कोबिया बेमेतरा के द्वारा ग्राम कोबिया तहसील बेमेतरा प.ह.नं. 35, खसरा न. 174/15 रकबा 0.0140 हे/ 1540 के बी1 पी11 एवं खसरा नक्शा के राजस्व रिकार्ड में कुटरचित दस्तावेज तैयार कर भू स्वामी नीतीश कुमार पांडे के स्थान पर बसंत साहू निवासी चन्द्रखुरी लेख कर उक्त भूमि को प्रार्थिया के पास बेचने का सौदा कर 06 लाख रूपये प्राप्त कर धोखाधडी करना पाया गया है आरोपी द्वारा धारा 420, 467, 468, 471 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं थाना स्टाफ को कूट रचना कारित कर धोखाधडी करने वाले आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी मुरली मनोहर सिंह राजपूत को 8 नवंबर को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया है।

एसपी ने ली सुरक्षा बलों की बैठक दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। सोमवार 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के अधिकारियों एवं बेमेतरा जिलें के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें समस्त अधिकारियों को कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने तथा एसपी बेमेतरा ने सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय लिया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से केन्द्रीय सुरक्षा बल एवं जिला पुलिस के बेहतर समन्वय के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बलों को जिले की भौगोलिक व राजनीतिक स्थिति एवं पोलिंग बूथों की जानकारी तथा विधानसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बेमेतरा जिलें में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए एसएसटी एवं एफएसटी निगरानी टीम का गठन, समाधान हेल्पलाईन नंबर 9479257558 के संबंध में तथा आगामी विधानसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार संहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर की गई तैयारियों के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त बैठक में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स, कमांडेंट पवन कुमार, कमांडेंट अश्वनी कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, असिस्टेंड कमांडेंट अमोरीश बिस्वास, असिस्टेंड कमांडेंट सुजीत कुमार, असिस्टेंड कमांडेंट टी. दोरजे, असिस्टेंड कमांडेंट निखिल विश्वास, असिस्टेंड कमांडेंट जयंता बोरा, असिस्टेंड कमांडेंट डीएन शर्मा एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू डीएसपी राजेश कुमार झा एवं उप निरीक्षक तुलेश्वर चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

भाजपा की सरकार बनने पर मिलेगा पट्टाः पाण्डेय

छावनी में आयोजित जनसभा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

भिलाई नगर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पहले भिलाई का नाम पूरे प्रदेश और देशभर में सम्मान से लिया जाता था लेकिन आज इसकी पहचान अपराध के गढ़ के रूप में हो गई है। जहां महादेव के नाम पर सट्टा चलाया जा रहा है। भाजपा सरकार के 15 सालों में पूरे प्रदेश में विकास हुआ, आईआईटी जैसी विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान भिलाई में खुला। उन्होंने कहा कि वो आप सभा का आशीर्वाद लेने आए हैं। आप लोग प्रेमप्रकाश पाण्डेय को जिताओ और भिलाई सहित पूरे प्रदेश में कमल खिलाओ। सरकार बनते ही एक बार फिर विकास होगा फिर से आगे बढ़ेगा छत्तीसगढ़। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमने 15 वर्षों तक प्रदेश में काम किया आज भी लोग हमें चाउर वाले बाबा, पाण्डेय जी को पानी वाले बाबा कहते हैं। लेकिन कांग्रेस राज के 5 सालों में भूपेश बघेल दारू वाले कका के नाम से पहचाने जाने लगे। इन लोगों ने कोरोनाकाल में दवाई भले न पहुंचाई हो लेकिन घर घर दारू जरूर पहुंचाई है। इन लोगों ने भिलाई के वातावरण, शांति और भाईचारे को नष्ट कर दिया है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पीएम की घोषणाओं की जानकारी दी। बेल पर निकले लोग कांग्रेस कार्यकर्ता बने। पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार में जो लोग सालों से जेल में थे आज कांग्रेस राज में बेल पर बाहर हैं और कांग्रेस के कार्यकर्ता बनकर लोगों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। वे भिलाई के लोगों से मिल रहे है। हर जगह लोगों ने उन्हें अपनी समस्या बताई।

कांग्रेस राज में पिछले 5 सालों में टायलेट तक साफ नहीं हो सका और आज ये झूठ प्रचार कर भाजपा सरकार के कार्यों को अपना बता रहे हैं। इनके राज में भिलाई अपराध का गढ़ बन गया। जहां अपराधी बात-बात पर चाकू चला देते हैं। यह बातें मंगलवार 14 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने छावनी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी सभा को संबोधित किया और छावनीवासियों से वादा किया कि भाजपा सरकार बनते ही फिर से विकास होगा और लोगों को पट्टा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कमल का निशान, विकास की पहचान है और जितना ज्यादा कमल खिलेगा उतनी लक्ष्मी आयेगी। ये लोग घूम-घूमकर लोगों से कह रहे हैं कि इनके कार्यकाल में भिलाई में पानी आया लेकिन आप लोगों ने उन्हें करारा जवाब दिया। आपने बताया कि हम हैं पानी वाले बाबा। भाजपा कार्यकाल में तालाब, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, सड़कें बनी, व्यवस्थाएं बनी लेकिन कांग्रेस राज में एक ईंट भी विकास की जुड़ नहीं पाई। आप इन बहरूपियों को पहचानिए इन लोगों ने पट्टा देने का वादा किया था लेकिन सट्टा और पट्टा सब जगह फैला दिया।

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
मनरेगा शाखा जनपद पंचायत कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
Happy Diwali
मनरेगा शाखा जनपद पंचायत करतला

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
जिला परिवहन विभाग कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
कृषि विभाग कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
आदिवासी विभाग, कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
खनिज विभाग, कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
खाद्य विभाग, कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनायें..
विनय कुमार, सिविल कांट्रेक्टर, कोरबा